Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -72 बुधवार,11 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*मोह-माया मनुष्य को कायर बनाती है। इसलिए मोह-माया को त्यागिए।*

- भगवान कृष्णा-

## अब साल में दो बार होगी अग्निवीरों की भर्ती




### अगस्त में पहला बैच यूनिटों में हो जाएगा तैनात

**नई दिल्ली,10 जनवरी 2023(ए)** । सेना की नई भर्ती योजना अग्निपथ के तहत नियुक्त हुए 19000 अग्निवीरों का पहला बैच प्रशिक्षण के बाद इस साल अगस्त महीने में अपनी-अपनी यूनिटों में मोर्चा संभालने के लिए तैनात हो जाएगा। जबकि 21000 अग्निवीरों के दूसरे बैच की ट्रेनिंग सेना इस साल एक मार्च से शुरू कर देगी और यह दूसरा बैच इसी साल अक्टूबर में अपनी यूनिट में तैनात हो जाएगा। सेना ने यह भी तय किया है कि 2023 से अब साल में दो बार मई और नवंबर महीने में अग्निवीरों की भर्ती होगी।

### अग्निवीरों का प्रशिक्षण काल 24 से लेकर 31 हफ्ते का

अग्निवीरों के पहले बैच की सेना के अलग-अलग यूनिटों में प्रशिक्षण इस वर्ष पहली जनवरी से शुरू हो गई है और सेना ने इनकी ट्रेनिंग के लिए संबंधित ट्रेनिंग यूनिटों में इसके लिए विशेष प्रशिक्षण कोर्स डिजाइन किया है। अग्निवीरों का प्रशिक्षण काल 24 से लेकर 31 हफ्ते का है जो पूर्व में जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के मुकाबले अपेक्षाकृत छोटा जरूर है मगर कोर्स को इस सघन तरीके से डिजाइन किया गया है कि इनकी सैन्य दक्षता में किसी तरह की कमी न रह जाए।

### इसमें 100 महिला अग्निवीरों का पहला बेच भी शामिल

इस ट्रेनिंग के बाद अग्निवीर जिस यूनिट में तैनात किए जाएंगे वहां भी उनके काम के अनुरूप सात हफ्ते की आन जॉब ट्रेनिंग दी जाएगी। सेना के अनुसार वर्ष 2022 के लिए 40000 अग्निवीरों की भर्ती के लिए देश भर में 96 भर्ती रैलियां हुई और 19000 अग्निवीरों के पहले बैच की ट्रेनिंग बेहद उत्साहजनक माहौल में शुरू हो गई है। 21000 अग्निवीरों के दूसरे बैच की ट्रेनिंग एक मार्च से शुरू होगी जिसमें 100 महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी शामिल है। महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी अक्टूबर में अपनी यूनिट में डियूटी संभाल लेगा।

सेना को उम्मीद है कि अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया का सिलसिला शुरू होने के बाद अगले कुछ सालों के दौरान भारतीय सेना में सैनिकों की औसत उम्र मौजूदा 32 साल से घटकर 26 साल हो जाएगी। सेना में अग्निवीरों की भर्ती केवल चार साल के लिए ही है और हर साल भर्ती होने वाले अग्निवीरों में से चार साल बाद जरूरी मानकों पर खरे उतरने वाले केवल 15 फीसद को ही सेना में बतौर जवान के रूप में स्थायी नियुक्ति मिलेगी।

## जोशीमठ संकट पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत

**नई दिल्ली,10 जनवरी 2023(ए)** । सर्वोच्च न्यायालय मंगलवार को उत्तराखंड के जोशीमठ संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर 16 जनवरी को विचार करने पर सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए याचिका को सूचीबद्ध करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि हर महत्वपूर्ण चीज सीधे इसमें नहीं आनी चाहिए। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने कहा, इस पर गौर करने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि महत्वपूर्ण सब कुछ हमारे पास नहीं आना चाहिए और कहा कि वह इसे 16 जनवरी को सूचीबद्ध करेंगे। याचिका में कहा गया है कि यह घटना बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के कारण हुई थी और उत्तराखंड के लोगों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता और मुआवजे की मांग की गई थी।



याचिकाकर्ता स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से पेश वकील परमेश्वर नाथ मिश्रा ने याचिका दायर की। याचिका में जोशीमठ के निवासियों को सक्रिय रूप से समर्थन देने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश देने की मांग की गई है और इस बात पर जोर दिया गया है कि मानव जीवन और उनके पारिस्थितिकी तंत्र की कीमत पर किसी भी विकास की आवश्यकता नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने आफताब की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ाई



**नई दिल्ली ,10 जनवरी 2023(ए)।** साकेत कोर्ट ने मंगलवार को अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वाकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी। पूनावाला को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के सामने पेश किया गया। इस दौरान उसने कानून की किताबों की मांग की।

अदालत ने जेल अधिकारियों को उसे गर्म कपड़े मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। 6 जनवरी को पूनावाला ने अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए अदालत में एक आवेदन दिया, जिसमें दैनिक वस्तुओं के साथ-साथ गर्म कपड़े खरीदने के लिए धन की आवश्यकता का हवाला दिया।शुक्ला ने उसकी न्यायिक हिरासत चार और दिनों के लिए बढ़ा दी थी और 10 जनवरी को उसे व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 23 दिसंबर 2022 को उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी थी।

### राहुल गांधी का बयान भारत तोड़ने वाला : रामदेव

**हरिद्वार ,10 जनवरी 2023(ए)** । योगगुरु रामदेव ने राहुल गांधी के पुजारियों को लेकर दिए गए बयान को भारत तोड़ने वाला बयान बताया। मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता में योगगुरु ने कहा कि राहुल गांधी मेहनत कर अपनी राजनीतिक जमीन हासिल करने को परिश्रम कर रहे हैं, ऐसे बयानों से उनकी छवि धूमिल होती है।योगगुरु रामदेव ने कहा कि राहुलगांधी भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं लेकिन ऐसे बयान से भारत तोड़ने की बात शुरू हो जाती है। ऐसे बयान किसी को भी नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पुजारियों, तपस्वियों, ब्राह्मणों, क्षत्रियों, अगड़ों-पिछड़ों सबका देश है। ऐसा बयान नहीं देना चाहिए जिससे समाज में भेदभाव ऊंच-नीच की दीवार खड़ी हो। हमने इस दीवार को गिराने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि किसी भी वर्ग को टारगेट करके कोई बात कहना अशोभनीय है।



### तेज रफ्तार ट्रक के साथ टक्कर में एक ही परिवार के आठ लोगों की दर्दनाक मौत

**पटना ,10 जनवरी 2023(ए)** । बिहार के कटिहार जिले में ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। मृतक खेरिया गांव के रहने वाले थे और बीती रात हादसे के दौरान कटिहार रेलवे स्टेशन जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इलाके में विजिबिलिटी कम थी। इस दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में ट्रक आया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। खोरा थाने के एसएचओ रूपक रंजन सिंह ने कहा कि पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई। सिंह ने कहा, हमने शवों को बरामद कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिवार के अन्य सदस्यों को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मरने वाले आठ लोगों में दो बच्चे हैं।



## बड़ी लापरवाही! एयरपोर्ट पर 50 यात्रियों को छोड़कर उड़ गई गो एयर की फ्लाइट

**नई दिल्ली,10 जनवरी 2023(ए)** । आए दिन आ रही फ्लाइट्स से जुड़ी खबरें सुर्खियों बटोर रही हैं। इसी कड़ी में एक ऐसा मामला सामने आया है, जो हैरत में डालने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विमानन कंपनी गो फर्स्ट की फ्लाइट सोमवार को 50 से अधिक यात्रियों के बिना ही रवाना हो गई।

गो एयर इस मामले में अपनी इंटरनल जांच कर रहा है। ये घटना कल की है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर ही छूट गए इन सभी 50 पैसेंजर्स को गो एयर ने दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने गो एयर से इस पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के बाद डीसीजीए जरूरी एक्शन ले सकता है।




कई यात्रियों ने बाद में विमानन कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और इस मामले में हुए ट्वीट कर जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बेंगलुरु से दिल्ली जा रही गो फर्स्ट फ्लाइट जी8116 सोमवार को सुबह 6.30 बजे बेंगलुरु हवाईअड्डे से रवाना हुई। कई सोशल मीडिया यूजर्स के मुताबिक, विमान 54 यात्रियों के बिना ही उड़ान भर गया। ये यात्री रनवे पर बस में ही बैठे रह गए।

एक सोशल मीडिया यूजर ने बेंगलुरु एयरपोर्ट का वीडियो शेयर कर कहा कि 'गो फर्स्ट की बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली जी 8116 फ्लाइट 54 यात्रियों को लिए बिना ही उड़ गई। फ्लाइट में इन 54 यात्रियों का सामान सवार था। लेकिन इन यात्रियों को लिए बिना ही विमान ने उड़ान भरी।'

## हज पर जाने वालों के लिए खुशखबरी

## सऊदी अरब ने यात्रियों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटाया

**नई दिल्ली,10 जनवरी 2023(ए)** । हज यात्रियों के लिए 2023 खुशखबरी लेकर आया है। खबर है कि सऊदी अरब ने इस साल हज पर आने वाले यात्रियों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। साथ ही उम्र की भी कोई सीमा नहीं होगी। सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सरकार ने यह जानकारी दी है। 2020 और 2021 में कोविड-19 महामारी के चलते हज यात्रियों की संख्या घट गई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री तौफीक अल-राबिया ने बताया है कि इस साल हज में शामिल होने वाले यात्रियों की संख्या कोविड से पहले की तरह होगी। मंत्रालय ने ट्वीट किया कि हज एक्सपो 2023 के उद्घाटन में मंत्री डॉक्टर तौफीक अल राबिया ने घोषणा की है कि 1444॥ में हज यात्रियों की संख्या कोरोनावायरस महामारी से पहले की स्थिति में बगैर किसी उम्र की सीमा के लौट जाएगी।



आंकड़े बताते हैं कि साल 2019 में 25 लाख लोग हज में शामिल हुए थे। इससे पहले 5 जनवरी को मंत्रालय ने घोषणा की थी कि देश में रहने वाले जो लोग हज करना चाहते हैं, वे आवेदन दे सकते हैं। सरकार ने कहा था कि स्थानीय लोगों के लिए 4 तरह के हज पैकेज उपलब्ध होंगे। उस दौरान कहा गया था कि आवेदन करने वालों के पास राष्ट्रीय या स्थानीय पहचान पत्र होना चाहिए।

साथ ही सरकार ने कहा था कि यात्रियों को कोविड-19 और सीजनल इंफ्लुएंजा के खिलाफ टीकाकरण कराना जरूरी है। यात्रा के दौरान टीकाकरण का प्रूफ भी साथ रखने के लिए कहा गया था।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल सरकार को सुप्रीमकोर्ट का झटका

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली ,10 जनवरी 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में 42,000 से अधिक सहायक शिक्षकों के चयन में अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका की विचारणीयता को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस एस.के. कौल और ए.एस. ओका ने कहा कि वह पिछले साल जुलाई में पारित हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है और राज्य सरकार के वकील से कहा कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के समक्ष अपना बचाव कर सकती है।



शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी), 2014 के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसने रखरखाव पर सवाल उठाते हुए अपनी प्रारंभिक आपत्ति को खारिज कर दिया था। राज्य सरकार के वकील ने शीर्ष अदालत के समक्ष तर्क दिया कि एक सेवा मामले में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं थी और यह टीईटी के आठ साल बाद दायर की गई है। वकील ने तर्क दिया कि इस मुद्दे पर एक अन्य जनहित याचिका को पहले हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## एकनाथ शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे : सुप्रीम कोर्ट 14 फरवरी को मामले की करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली ,10 जनवरी 2023(ए)।**सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के बगावत से उपजे मामले की सुनवाई 14 फरवरी को निर्धारित की है। ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से कहा कि मामला अत्यावश्यक है, क्योंकि चुनाव आयोग पार्टी और चुनाव चिन्ह पर नियंत्रण के मुद्दे पर कार्यवाही कर रहा है। सिब्बल ने तर्क दिया कि अदालत को मुख्य रूप से इस मुद्दे पर फैसला करना है कि क्या नबाम राबिया मामले के 2016 के पांच-न्यायाधीशों के फैसले को सात-न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाना चाहिए। राबिया मामले के निर्णय ने स्पीकर की शक्ति को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है, अगर उन्हें हटाने की मांग का प्रस्ताव लंबित है। जस्टिस एम.आर. शाह, कृष्ण मुरारी, हिमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा की बेंच ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तय किया। वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल, अधिवक्ता अभिकल्प प्रताप सिंह के साथ शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट के लिए पेश हुए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपाल का प्रतिनिधित्व किया।



इस साल अगस्त में शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट द्वारा दलबदल, विलय और अयोग्यता से संबंधित प्रश्नों पर दायर याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने अपने आदेश में पहला मुद्दा तैयार किया था कि क्या स्पीकर को हटाने का नोटिस उन्हें संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता की कार्यवाही जारी रखने से रोकता है, जैसा कि इस अदालत (पांच जजों की बेंच) द्वारा नेबाम राबिया मामले में किया गया।



## कर्णप्रयाग पर भी संकट के बादल,कई घरों में आई दरारें

**जोशीमठ ,10 जनवरी 2023(ए)।** जोशीमठ में भवनों में दरार आने का सिलसिला जारी है। 610 भवनों में दरार आई थी तो यह आंकड़ा आज 678 हो गया है। वहीं जोशीमठ से शुरू हुआ भू-धंसाव अब कर्णप्रयाग तक पहुंच गया है। एक तरफ जोशीमठ के लोग चिंतित और परेशान हैं, तो वहीं कर्णप्रयाग नगर पालिका के बहुगुणा नगर में मौजूद करीब पचास घरों में दरार आने लगी हैं। इससे स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कर्णप्रयाग नगर निगम क्षेत्र के बहुगुणा नगर के कुछ घरों में मोटी-मोटी दरारें देखने को मिली हैं। इससे स्थानीय लोगों में दहशत है। बता दें कि जोशीमठ में सड़क से लेकर घरों तक में दरारें उभर आई हैं। इन दरारों से पानी भी निकलने लगा है। हालात की गंभीरता को देखते हुए इलाके में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। एनडीआरएफ के साथ ही एसडीआरएफ की टीमों को भी तैनात किया गया है।

## ईडी ने पूर्व आईएफएस अधिकारी और उनके परिवार के खिलाफ पीएमएलए मामले में बीएमडब्ल्यू जब्त की

**नई दिल्ली ,10 जनवरी 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने ओडिशा कैडर के 1987 बैच के पूर्व आईएफएस अधिकारी अभकांत पाठक से जुड़े धन शोधन निवारण मामले में तलाशी ली है। वह प्रासंगिक अवधि के दौरान अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना, कार्यक्रम और वनीकरण, ओडिशा सरकार के रूप में काम कर रहे थे। ईडी ने मामले में 74.22 लाख रुपये कीमत की लग्जरी कार बीएमडब्ल्यू 620डी जीटी जब्त की है।

ईडी ने कहा, पीएमएलए के तहत की जा रही जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि पाठक ने चोरी-छिपे उक्त बीएमडब्ल्यू कार को कर्नाटक के बेलगावी के निवासी को बेचने का प्रयास किया था, जो पुरानी कारों का डीलर था और मुंबई में काम करता था।

ईडी ने पाठक और उनके परिवार के सदस्यों की 9,35,42,594 रुपये की आय से अधिक संपत्ति (डीए) के लिए ओडिशा में सतर्कता सेल पीएस, कटक द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की। ओडिशा पुलिस द्वारा पाठक और उनके बेटे आकाश कुमार पाठक के खिलाफ सात अन्य प्राथमिकी और आरोप पत्र दर्ज किए गए थे, जहां उन पर टाटा मोटर्स में नौकरी देने के नाम पर भोले-भाले लोगों को ठगने का आरोप लगाया गया था।




ईडी ने इससे पहले 3 दिसंबर, 2021 को भुवनेश्वर में पाठक के आवास पर तलाशी अभियान चलाया था, जिसके परिणामस्वरूप 15 लाख रुपये की टाटा हैरियर कार को विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों और सबूतों के साथ जब्त कर लिया गया था (जिसकी पुष्टि प्राधिकरण द्वारा की गई थी)।

अधिकारी ने कहा, इसके बाद, ईडी ने पाठक और अन्य के खिलाफ अनंतिम कुर्की आदेश भी जारी किया है, जिसमें उनकी 29.83 लाख रुपये की पहचान की गई संपत्तियों को कुर्क किया गया था (पीएमएलए के तहत न्यायनिर्णयन प्राधिकरण द्वारा अनंतिम कुर्की आदेश की पुष्टि की गई थी)।

## जमीन के नीचे धधकती आग से लाखों जिंदगियां खतरे में

### केंद्र ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

**रांची ,10 जनवरी 2023(ए)।** झारखंड के झरिया में दशकों से जमीन के अंदर धधक रही आग और अनगिनत दरारों से उठते धुएं के बीच लाखों लोगों की जिंदगियां खतरे में हैं। झरिया में कोयला खदानों का संचालन करने वाली कंपनी बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लि) ने बीते सितंबर महीने में ही पूरे शहर को असुरक्षित कर इसे खाली करने का नोटिस जारी किया था।

अब केंद्र सरकार ने इस शहर की बड़ी आबादी को यहां से हटाकर सुरक्षित जगहों पर बसाने के प्रस्तावित संशोधित मास्टर प्लान पर एक बार फिर मंथन शुरू किया है। आगामी 27 जनवरी को केंद्रीय कैबिनेट सचिव इस मसले पर हाई लेवल मीटिंग करेंगे। इसमें कोयला सचिव, झारखंड के मुख्य सचिव और कोयला कंपनियों बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लि) और ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि) के आला अधिकारी भी भाग लेंगे। कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने बीते सोमवार को कोयला कंपनियों की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी।



बता दें कि कोयले के भंडार के ऊपर बसे झरिया की भौंरा कोलियरी में वर्ष 1916 में पहली बार आग लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे यहां के बाकी इलाकों में भी जमीन के अंदर आग फैलती चली गई। एक शताब्दी बाद भी यहां की आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दर्जनों योजनाओं और बेहिसाब खर्च के बाद भी आग का दायरा लगातार बढ़ता गया। इलाके में भू-धंसान की हजारों घटनाएं हो चुकी हैं।

## संपादकीय

### हेमंत सरकार का संकट टल गया!

अमित शाह ने अपनी झारखंड यात्रा में जो कुछ कहा क्या उससे यह अंदाजा लगाया जाए कि राज्य सरकार के ऊपर मंडरा रहा खतरा टल गया है? ध्यान रहे अमित शाह ने एक तरह से यह साफ किया कि उन्होंने या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कभी भी राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास नहीं किया लेकिन राज्य सरकार को और राज्य की राजनीति को जानने वालों को पता है कि कितना गंभीर प्रयास हुआ था। कम से कम दो बार राज्य सरकार गिरने की कगार पर पहुंच गई थी। कांग्रेस के विधायक पाला बदलने को तैयार बैठे थे लेकिन सही समय पर मिली सूचना के आधार पर हेमंत सोरेन सरकार ने सारा प्लान फेल कर दिया। अब अगले चुनाव में कम समय बचा है इसलिए माना जा रहा है कि अब सरकार गिराने का प्रयास नहीं होगा। झारखंड के राज्यपाल ने एकाध एटम बम फूटने की जो बात कही थी लगता है उसे भी टाल दिया गया है।

अमित शाह ने इसका भी संकेत दिया, जब उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। इसका मतलब है कि झारखंड का चुनाव तय समय पर यानी नवंबर 2024 में ही होगा। भाजपा के जानकार सूत्रों का यह भी कहना है कि अगले साल मई में लोकसभा के साथ झारखंड विधानसभा का चुनाव नहीं होगा। चुनाव समय पर ही होगा। हालांकि उससे पहले भले सरकार को अस्थिर करने का प्रयास नहीं किया जाए लेकिन सरकार को स्थिर भी नहीं रहने दिया जाएगा। भाजपा का सरकार विरोधी अभियान चलता रहेगा और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी चलती रहेगी। मुख्यमंत्री के ऊपर विधानसभा में अयोग्यता और आय से अधिक संपत्ति के मामलों की तलवार लटकी रहेगी। बाकी नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ जांच चलती रहेगी। कारोबारी भी केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर रहेंगे।

# गेम चेंजर होगी गहलोत सरकार की योजनाएं

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार का आखिरी बजट पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। इसी साल प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस लिहाज से इस बार के बजट को गहलोत खुद गेम चेंजर मान रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत कहते हैं कि राजस्थान में इस बार एंटी-इनकम्बेंसी नहीं प्रो-एफिसिएंसी है। इसी के चलते कांग्रेस प्रदेश का 30 साल पुराना हर बार सत्ता बदलने का इतिहास बदलेगी। सरकारी योजनाओं से जनता बहुत खुश है। इसका सबूत है राजस्थान में हुए नो उपचुनाव जिनमें कांग्रेस ने सात में जीत हासिल की है।

गहलोत मानते हैं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में राजस्थान में करीब 550 किलोमीटर लम्बी भारत जोड़ो पद यात्रा निकली थी। कहीं पर भी एंटी इनकम्बेंसी जैसा माहौल देखने को नहीं मिला। यह दिखाता है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ है। हमारा फोकस इस चुनाव में पिछली बार से अधिक सीटें लाकर सरकार रिपीट करने का है।

गहलोत कहते हैं कि हमारी सरकार ने 2018 के जनघोषणा पत्र के 80 प्रतिशत वादों को पूरा कर लिया है और बाकी पूरे हो रहे हैं। कुछ घोषणाएं ऐसी हैं जिन्हें बिना केन्द्र सरकार के सहयोग से पूरा किया जाना संभव नहीं है। हमने 22 लाख किसानों की 14 हजार करोड़ रुपए की कर्जमाफी की है। इसमें राजस्थान सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी बैंक शामिल हैं। हर किसान का नाम और राशि जनसूचना पोर्टल पर उपलब्ध है। राष्ट्रीयकृत बैंकों से किसानों के कर्ज का उद्योगपतियों की तरह ही वन टाइम सैटलमेंट करने के लिए पत्र लिख चुके हैं। पर बिना केन्द्र सरकार की परमिशन के यह संभव नहीं है। हम स्पष्ट कह चुके हैं कि किसानों का पूरा हिस्सा हम चुकाएंगे। लेकिन केन्द्र सरकार हमारे प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दे रही है।

इन सब के बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना हैं कि गहलोत सरकार की कुछ ऐसी लोकप्रिय योजनाएं हैं जो आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए चुनौती बनेंगी। राजस्थान में साढ़े सात लाख सरकारी कर्मचारी हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने एलान कर दिया है कि पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू किया जायेगा। भाजपा के सामने ये बड़ी चुनौती हो गई है। केंद्र सरकार नहीं चाहती है कि किसी भी हालत में पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू किया जाए। अब जहां गहलोत सरकार के सामने पुरानी पेंशन के लिए बजट जुटाने की चुनौती है। वहीं भाजपा के सामने इस दांव से निपटने की। देश के हर प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग उठ रही है।

इसी साल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के एक लाख से ज्यादा संविदा कर्मचारियों को स्थायी कर दिया है। कांग्रेस सरकार का ये बड़ा दांव है। भाजपा के सामने गहलोत के इस दांव को काउंटर करने की बड़ी चुनौती है। देशभर में रसोई गैस की कीमतें 1100 रुपये प्रति सिलेंडर पहुंच चुकी हैं। अशोक गहलोत सरकार ने चार साल पूरे होने पर एलान कर दिया कि बीपीएल कार्ड धारकों और उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत जिन्हें गैस चूल्हा मिला है।




उन्हें 500 रुपये में ही रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इस दायरे में आने वाले लोग सालभर में 12 गैस सिलेंडर सब्सिडी पर ले सकते हैं। इसका फायदा राजस्थान के करीब पांच लाख से ज्यादा परिवारों को मिलेगा।

मुफ्त बिजली को लेकर इस समय देश के कई राज्यों में खूब सियासत हो रही है। राजस्थान सरकार ने पहले से ही इसे लागू कर दिया है। राजस्थान में प्रतिमाह 100 यूनिट बिजली खपत करने वालों को 50 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। 150 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों के लिए तीन रुपये प्रति यूनिट और 150 से 300 यूनिट बिजली खपत करने वालों को सरकार की तरफ से दो रुपये प्रति यूनिट की छूट दी जा रही है। प्रदेश में 38.18 लाख घरेलू परिवारों का व 85 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य कर दिया गया है। बिजली के लिये सरकार ने 16 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक अनुदान दिया है। किसानों को कृषि बिजली कनेक्शनों पर 1000 रुपये प्रति माह का अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है। आने वाले बजट में बिजली पर अनुदान को और बढ़ाया जा सकता है।

राजस्थान सरकार हर साल छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांट रही है। छात्राओं और उनके परिवार के बीच पकड़ बनाने के लिए गहलोत सरकार का ये बड़ा दांव माना जा रहा है। प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना भी चलाई जा रही है। सरकार का दावा है कि वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा और एकल नारी सहित प्रदेश के करीब एक करोड़ लोगों को पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलता है। प्रदेश में अब तक करीब 26 लाख मरीजों को 2963 करोड़ रुपये से निःशुल्क इलाज दिया गया है। आने वाले समय में गहलोत सरकार प्रदेश की 1.35 करोड़ महिलाओं को फ्री स्मार्टफोन देगी। प्रदेश सरकार के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन था जिसमें 30 लाख से ज्यादा लोगों ने भाग लिया था। 26 जनवरी से शहरी ओलंपिक खेलों का शुभारंभ भी होने जा रहा है।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 93000 प्रतिभाशाली बच्चों को टैबलेट दिए जाएंगे। इसमें तीन साल तक इंटरनेट फ्री की सुविधा होगी। गहलोत सरकार के अनुसार अब तक 1.32 लाख सरकारी नौकरियां दी गई। 1.21 लाख सरकारी भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। एक लाख अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। सरकार का दावा है कि स्कूल और कॉलेज जाने वाली 20,000 बालिकाओं को हर साल स्कूटी का वितरण किया जा रहा है। राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना से हर साल 200 बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है।

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शहरों में 100 दिन के रोजगार मिलने की गारंटी है। सरकार का दावा अब तक करीब साढ़े तीन लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं। राज्य सरकार मनरेगा में 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार दे रही। प्रदेश में 870 इंदिरा रसोइयां खोली जा चुकी हैं। जहां आठ रुपये में गरीब लोगों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन खिलाया जा रहा। राज्य सरकार प्रति थाली 17 रुपये का अनुदान देती है।

राजनीतिक विश्लेषको का कहना है कि राजस्थान समेत देश के तमाम लोग महंगाई समेत कई तरह की समस्याओं से परेशान हैं। खासतौर पर कोरोना के बाद से लोगों की आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है। नौकरियों का संकट और अलग-अलग तरह की बीमारियों ने लोगों का मनोबल तोड़ दिया है। ऐसे समय सरकार की तरफ से मिलने वाली हर राहत लोगों को अच्छी लगती है। दिल्ली नगर निगम और हिमाचल प्रदेश के नतीजे इस बात के उदाहरण हैं। चुनाव के नजदीक ही सही कांग्रेस ने ये सारे काम करने शुरू कर दिए हैं। ऐसे में अगर कांग्रेस अंदरूनी कलह को सही कर ले तो इन योजनाओं का फायदा आने वाले विधानसभा चुनाव में मिल सकता है।

भाजपा के पास इन योजनाओं को काउंटर करने का कोई खास मुद्दा नहीं है। भाजपा नहीं चाहती है कि पुरानी पेंशन योजना लागू हो। संसद में भाजपा के नेता इसको लेकर बयान दे चुके हैं। इसी तरह संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने और सस्ती बिजली मुहैया कराने जैसे मुद्दे भी भाजपा को परेशान कर सकते हैं। राजस्थान में भाजपा के पास सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा कानून व्यवस्था है। इसके अलावा जातीय समीकरण को भी भाजपा मजबूत बनाने की कोशिश करेगी। यदि चुनावी साल में कांग्रेस अपनी सही रणनीति बनाने में कामयाब रहती है तो उसको फिर जीतने से कोई भी पार्टी नहीं रोक पायेगी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

# भारत जोड़ो यात्राःसफलता-विफलता के बीच

सामाजिक-राजनीतिक जीवन में बदलाव की आहट बहुत-से रूपों में निलती है। एक धारणा के अनुसार कुछ राजनीतिज्ञ 'मौसम विज्ञानी' होते हैं।

आने वाले बदलाव की आहट सबसे पहले पा जाते हैं, और समय रहते पाला बदल लेते हैं। इसलिए सरकारें बदलती हैं, लेकिन वे मंत्रिमंडल में सुशोभित रहते हैं। लेकिन बुद्धिजीवियों को यह श्रेय नहीं दिया जाता जबकि वे सामाजिक मनोविज्ञान, राजनीतिक गतिविधियों और आर्थिक परिवर्तनों का अध्ययन-विश्लेषण करके बदलाव की ओर संकेत करते हैं।

मार्क्स कहते थे कि बौद्धिक हलचलें सतह के नीचे उठते परिवर्तन की आहट देती हैं क्योंकि 'मस्तिष्क अनेक सूक्ष्म तंतुओं द्वारा समाजरूपी शरीर से जुड़े रहते हैं।' इस बात को हम भारतीय राजनीतिक संदर्भ में भी देख सकते हैं। 2012-13 में दक्षिणपंथी अर्थशास्त्री स्वामीनाथन एस. अंकलेसरिया अय्यर ने कांग्रेस की आर्थिक नीतियों की तीखी आलोचना चालू कर दी थी। उनकी आलोचना का प्रमुख मुद्दा कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं भी थीं। वेसरकारी रियायतों का विरोध करते थे, बाजार द्वारा कीमतों के नियंत्रण का पूर्ण समर्थन करते रहे, यहां तक कि पेट्रोल को उसी समय सौ रुपये लीटर करने की वकालत करते थे। इसके लिए वे भाजपा की, उससे भी अधिक मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते थे। इस प्रशंसा का आधार 'गुजरात मॉडल' था जिसे कॉरपोरेट-फ्रेंडली माना जाता रहा है। स्वामीनाथन अय्यर कॉरपोरेट-परस्त नीतियों के जोरदार समर्थक रहे हैं। वे पश्चिम के उन अर्थशास्त्रियों के विरोधी हैं, जो भूमंडलीकरण की असंगतियों की चर्चा करते हैं। भूमंडलीकरण से देशों और समाजों में बढ़ती आर्थिक खाई को अय्यर विकास का प्रेरक मानते हैं। इन आर्थिक नीतियों की प्रशंसा के साथ संघ-भाजपा की सांप्रदायिक नीतियां भी उन्हें आपत्ति का विषय नहीं लगती थीं। बल्कि कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की नीति में उन्हें खोट दिखता था।



इसका अर्थ है कि आर्थिक नीति और सामाजिक नीति में अंतर्विरोध होने पर उनका बल आर्थिक नीतियों पर था। इससे साबित है कि भारत का कॉरपोरेट जगत और उसका समर्थक बुद्धिजीवी 2014 के बदलाव के लिए पूरी तरह न सिर्फ तैयार था बल्कि उसके लिए वातावरण बनाने में भी संलग्न था। इधर इन दक्षिणपंथी कॉरपोरेट समर्थक बुद्धिजीवियों का रुख बदला-बदला है। इसके उदाहरण के रूप में स्वामीनाथन अय्यर को ही लें। उन्होंने राहुल गांधी के विचारों की सेक्युलर धुरी की प्रशंसा शुरू की है। अभी पहली जनवरी 2023 को एक अंग्रेजी अखबार में अपने स्तंभ 'स्वमिनामिक्स' में उन्होंने कहा है, 'नरम हिंदुत्व के स्थान पर घृणा के प्रति कड़ा रुख' स्वागतयोग्य है। कारण यह कि उग्र हिंदुत्व के विरुद्ध लड़ाई नरम हिंदुत्व से नहीं लड़ी जा सकती, लड़कर भी नहीं जीती जा सकती। 'हिंदू राष्ट्रवादियों' की आलोचना करते हुए स्वामीनाथन ने लिखा है कि 'हिंदुत्व सहिष्णुता का द्योतक है, घृणा का नहीं।' इसीलिए जो लोग मानते हैं कि सेक्युलरिज्म को बढ़ावा देना हिंदू भावनाओं को आहत करता है, वे हिंदुत्व को बिल्कुल नहीं समझते।

यह बदला हुआ स्वर है, जिसके लिए आर्थिक प्रश्न के साथ सामाजिक सौहार्द का पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। यह नजरिया वामपंथी या मध्यमार्गी बुद्धिजीवी नहीं, घोषित रूप में दक्षिणपंथी बुद्धिजीवी का है। सामाजिक सौहार्द को पिछले आठ-नौ वर्षों में इतनी क्षति पहुंची है कि राहुल गांधी 'भारत जोड़ो' यात्रा पर निकले हैं, जिसे हर क्षेत्र में प्रत्येक जन-समुदाय का व्यापक समर्थन मिल रहा है। स्वामीनाथन ने लक्षित किया है कि इस यात्रा के चलते राहुल की 'पप्पू' छवि के भीतर से एक अधिक ठोस चीज निकल कर आई है। इस यात्रा की दृश्यावली भव्य है लेकिन राहुल और कांग्रेस के सामने इस यात्रा के नतीजों को सहेजने की जिम्मेदारी है। इसके बिना इस यात्रा के सुफल को वोट में नहीं ढाला जा सकता। खुद भाजपा ने यात्रा के लोकव्यापी प्रभाव को स्वीकार किया है। स्वामीनाथन ने इस स्वीकृति को महत्त्वपूर्ण माना है।

राहुल ने संघ-भाजपा की विचारधारा से सीधे टकराव का रास्ता चुना है। सावरकर के माफीनामे को उन्होंने सोच-विचारकर मुद्दा बनाया है। कुछ समाज वैज्ञानिकों के अनुसार राहुल ने यह गलती की। इससे उनकी यात्रा का उद्देश्य भटकता है। लेकिन अय्यर मानते हैं कि राहुल ने यह उचित किया। एक तो इससे इतिहास के पुर्नेखन की कोशिशों में जो विकृति लाने का प्रयास किया जा रहा है, उस पर ध्यान केंद्रित होगा, दूसरे नरम हिंदुत्व की बजाय धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता स्पष्ट होगी। खुद अय्यर का विचार है कि कांग्रेस को सेक्युलरिज्म पर दृढ़तापूर्वक लौटना चाहिए क्योंकि सांप्रदायिक सौहार्द केवल धर्मनिरपेक्षता का अंग हो सकता है।

इस आकलन का महत्त्व यह है कि दक्षिणपंथ में नीतियों को लेकर विशेषतः सांप्रदायिकता के प्रश्न पर एकमतता नहीं है. इस कारण आर्थिक मुद्दों पर आपसी सहमति गौण हो जाती है। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस और भाजपा की आर्थिक नीतियों में कोई मौलिक अंतर नहीं है। अंतर है सामाजिक-सांस्कृतिक नीतियों में। चूंकि वामपंथ का अस्तित्व हाशिये पर चला गया है, इसलिए दक्षिणपंथ में नीतिगत भिन्नता का लाभ मध्यमार्गी कांग्रेस को मिलना निश्चित है।

बेशक, इसके लिए कांग्रेस को सांगठनिक दृष्टि से भाजपा के मुकाबले में सक्षम होना पड़ेगा। यह काफी दुष्कर कार्य है। संघ ने अपने आनुषांगिक संगठनों और अपने प्रभाव के व्यक्तियों के माध्यम से जितना सघन और व्यापक ताना-बाना बना लिया है, उसका मुकाबला अंतर्कलह से जूझती और स्थानीय क्षत्रपों के आगे बेबस कांग्रेस के वश का नहीं है। संयोग नहीं है कि राहुल एक ओर भाजपा की सांप्रदायिक नीतियों से सीधे टकराने की नीति पर चल रहे हैं, तो दूसरी और आरएसएस को अपना प्रेरणा स्रेत भी बता रहे हैं। नीतियों में भाजपा से अलगाव और सांगठनिक स्तर पर संघ से सीख-यह द्वंद्वात्मक रुख राहुल की बढ़ती राजनीतिक परिपक्वता का द्योतक है। यह कांग्रेस के चिर-परिचित व्यवहार की आवृत्ति भर नहीं है। ज्यों-ज्यों भाजपा सरकार की असफलताओं से जनता की तकलीफें बढ़ती जा रही हैं, त्यों-त्यों राहुल का रुख ग्राह्य बन रहा है।

-डॉ. अजय तिवारी-

## बोया भ्रष्टाचार का बीज भुगत रहा हूं दुखों की खीज

जीवन में भ्रष्टाचार का फ़ल बहुत खाया हूं
अब दुखों का पहाड़ भुगतकर पाया हूं
परिवार को इंजॉय कराया उन्हीं से दुख पायाहूं
बोया भ्रष्टाचार का बीज़ भुगत रहा हूं दुखों की खीज़
बुराई का फ़ल ब्याज सहित मिलता है पछताता हूं
घर में हरे गुलाबी के पहाड़ इकट्ठा किया हूं
रेड पड़ी सब निकल गए बदनाम भी हुआ हूं
बोया भ्रष्टाचार का बीज़ भुगत रहा हूं दुखों की खीज़
सबने समझाया था बुराई का बीज बो रहा हूं
मनमानी कर नहीं माना पछता रहा हूं
अनेकों बीमारियों से घिर गया हूं
बोया भ्रष्टाचार का बीज़ भुगत रहा हूं दुखों की खीज
भ्रष्टाचार लेते गया बेटाबेटी मांबाप खोते गया हूं
समझ नहीं पाया भ्रष्टाचार का नतीजा भुगत रहा हूं
पापों का घड़ा फूटा तो बेड पर पड़ा हूं
बोया भ्रष्टाचार का बीज भुगत रहा हूं दुखों की खीज
कर्मचारियों को मेरी सलाह है भ्रष्टाचार मतकरो
जिंदगी पूरी ईमानदारी के साथ व्यतीत करो
भ्रष्टाचार दीमक है जिंदगी चटकर जाता है
बोया भ्रष्टाचार का बीज़ भुगत रहा हूं दुखों की खीज

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## होठों ची बाँसुरी

नींद आँखों से फिर खो गई,
आँखें तकिया पुनः धो गई ।
चाँद निकला नहीं इस गली,
खिड़की फिर ख्वाब सी बो गई।
तुम न गुजरे इधर से अभी ,
छत पर यूँ ही खड़ी हो गई।
राह के लोग कहने लगे,
देखो वो बाबरी हो गई।
तेरे दीदार के वास्ते,
आँखें फिर मेघ सी रो गई।
बूंद स्वाती का हुआ तु सदा ,
और चातक सी मैं हो गई।
चाँद बन के जलाता रहा,
चकोर सी ये दसा हो गई।
साँवरिया लगन में तेरे ,
होंठो की वाँसुरी हो गई।
कभी राधा,कभी रुक्मिणी,
कभी मीरा सी मैं हो गई।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रतिभा कुमारी,
त्रिवेणीगंज,
सुपौल बिहार

## हे मानव

हे मानव !तुमको क्या सूझी
बिना विचारे करते हो कुछ भीद्य
खेत खलिहान सब प्लाट बनाते
खाद्यान्नों की सब उपज घटाते द्य
सुंदर -सुंदर भवन बनाते
उसपर न एक वृक्ष लगातेद्य.
सूनी बस्ती सूने घर द्वार
सामने करते कचरे का भंडार द्य
घर की गंदगी बाहर लगाते
नालियां भी सड़क पर ही गिराते
सबको ऊंचे भवन
दौलत का गुमान
अपनी नासमझी पर
जरा भी न लजाते
जब-जब धैर्य खो दिया प्रकृति ने
तहस-नहस कर डाला संसार
कब तक लेते रहोगे परीक्षा
वक्त रहते कर लो तुम समीक्षा

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटन



वंदना यादव
चित्रकूट
उत्तर प्रदेश

# पुरुष विलापःपुरुष मन की थाह

कुछ ऐसा हाल होता है जब इंसान के अंतर्मन में जज्बात का सैलाब उमड़ता है तो भावनाओं पर किसी प्रकार का कोई पहरा नहीं होता है मगर जब भावनाओं का सैलाब उमड़ कर बहता है तो एक दरिया बन जाता है लेकिन यदि रीति रिवाज दायरे और परंपराओं पर किसी प्रकार का कोई बंधन लग जाता है तो यही जज्बात का दरिया सिमट कर रह जाता है। बस यही हाल कुछ पुरुषों का भी होता है जो अपने दर्द गम को अश्कों में बहाने से डरते हैं कि कहीं उन्हें लोग कमजोर ना समझने लगे लेकिन एक सच यह भी है कि स्त्री हो या पुरुष भावनायें सम्वेदनाओं का किसी का बस नहीं होता है रोने पर केवल स्त्री का अधिकार ही नहीं पुरुषों का भी अधिकार होता है। ऐसे कई हालात होते हैं जो पुरुषों को भी रोने पर मजबूर कर देते हैं अक्सर महिलायें टीवी देखते समय भावुक दृश्य देख कर रोती है तो कुछ पुरुष जब अपनी पत्नी को रोता देखते हैं तो उनके भी आँसू भावनात्मक रूप से निकल आते हैं। जब अपनी परेशानियों से परेशान होकर या हताश होकर किसी प्रकार से पुरुषों की आँखों में आँसू आता है तो वह पुरुष टूटकर रोता है। अक्सर पुरुष अपनी माँ के करीब होते हैं यदि किसी कारणवश माँ का देहांत हो जाता है तो वह व्यक्ति फूटकर रोते हैं। किसी भी प्रकार के हादसे भी उन्हें पूरी तरह से तोड़ देते हैं पुरुष भी संवेदनशील होते हैं पर अपनी भावना और संवेदना को किसी को जाहिर होने देना नहीं चाहते। जब वह अपने किसी से दूर होता है तो वह उस समय चुप हो जाता है लेकिन अकेले में बेहद रोता है वह अपने आँसू का प्रदर्शन या तो अपने पत्नी के सामने करता है या माँ के सामने क्योंकि दोनों ही उसकी जिंदगी का अहम



हिस्सा होते हैं। अक्सर पुरुष हर बात में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं और उन में जीत हासिल करना चाहते हैं फिर यह जीत हार उनकी जिंदगी की हर छोटी मोटी बातों से जुड़ती चली जाती है। पुरुष तीन चीजों के मामले में अधिक संवेदनशील होते हैं प्यार, व्यवसाय और सम्मान! प्यार के मामले में स्त्रियाँ अधिक संवेदनशील होती हैं लेकिन पुरुष भी कम नहीं होते पुरुष यदि एक बार किसी से प्यार करते हैं तो पागलपन की हद तक करते हैं और जब सच्चा प्यार टूटता है तो वह अति भावुक होकर निराशा के समुंदर में डूब जाते हैं और रोने पर विवश हो जाते हैं। जब किसी पुरुष का गृहस्थ जीवन आनंद पूर्वक नहीं बीत पाता तब वह बहुत दुखी होता है जब हार सहने की क्षमता उसके अंदर नहीं होती तो वह टूट जाता है।

पुरुषों का जीवन बिना व्यवसाय के कुछ नहीं होता कामयाब व्यक्ति हर किसी को पसंद आता है जब उसके कामकाज पर किसी प्रकार की कोई बाधा आ जाती है या किसी प्रकार का कोई नुकसान हो जाता है तो उसे अपनी असफलता नजर आने लगती है और वह रोने पर विवश हो जाता है। पुरुष अक्सर अहमवादी होते हैं वह हमेशा दूसरों से सम्मान की अपेक्षा करता है वह हमेशा परिवार में अपनी प्रधानता चाहता है मान सम्मान की कमी का एहसास उसके पुरुषत्व को ठेस पहुँचाता है और ऐसे में अक्सर पुरुष रो देते हैं।

लेकिन रोना भी बेहद जरूरी होता है क्योंकि जो व्यक्ति वेगो को दबा लेते हैं उनमें कुंठा, अवसाद, द्वंद, तनाव और अन्य विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती है वह अपनी प्रेमिका के द्वारा हुई बेवफाई का दर्द व गम सह नहीं पाते हैं और अंदर ही अंदर घुटते हैं, जब कभी कोई स्त्री किसी प्रकार से पुरुष मन की थाह को समझ नहीं पाती है तो पुरुष अपना दर्द कहीं नहीं बता पाता है और अंदर ही अंदर घुटन भरी जिंदगी को वह नॉर्मल तरीके से जीने की कोशिश में लगा होता है और उसके बावजूद भी अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाता है पुरुष उम्र के हर पड़ाव पर रोता है बस वह कहता नहीं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

## इश्क में कैसी मजबूरी

इश्क मे कैसी मजबूरी,
मिलना लगे क्यों जरुरी है
तेरी आहट को पहचानता हुं,
चुप रहना मेरी मजबूरी है
कुछ मेरी कुछ उसकी भी मजबूरी
इश्क मे................ मजबूरी है
इश्क बड़ता ही रहेगा उम्र भर
दुनिया की किसको है फिकर
चाहत मे मिलना,
एक दूजे के लिए जरुरी है
इश्क मे................ मजबूरी है
मिलना और बिछुड़ना तो,
प्रकृति की ही नियम है
रुठना और मनाना तो,
जैसे प्यार का पहला नियम है
किस्सा चाहत का,
अभी तो आधी-अधूरी है
इश्क मे................ मजबूरी है
तुम रूठती रहो मैं मनाता रहूँ
मैं कुछ कहु ना तुम कुछ कहो
रुठना मनाना तो सदियों तक चलता है
इश्क मे रूठना-मनाना भी जरुरी है
इश्क मे................ मजबूरी है

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

## जिंदगी की नजर



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

जिंदगी हमने तुझपे,वारी है।
जो तेरे इश्क से, संवारी है।
जाम अश्कों के लिये आंखों में
हंसी से भी निभाई , यारी है।
साथ तन्हाईयों का है,तो क्या,
यादों की चल रही, सवारी है।
शुक्रिया है ये मेरे, रहबर का,
मंज़िलों पे नज़र , हमारी है।
उनके चौखट की,धूल से देखो
जिंदगी की नज़र, उतारी है।

## है कुफ्र तो होगा



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

हुई तुझसे मोहब्बत
बदली है रवायत
है कुफ्र तो होगा
हुआ इश्क़ इबादत
तेरी नज़रों के ये जाम
पीने की है नीयत
लगते हैं हसीं हम?
है परियों की सोहबत
दुनिया से कहें क्या
के देती है नसीहत
आशिक़मिज़ाजी भी
इक मर्ज-ए-तबीयत
दिख जाया करो यार
मिल जाती है राहत
गाते हैं गीत हम
तेरी है इनायत

## उलझनें



ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

हजार उलझने थी,सौ मसले थे।
फिर भी हम तुम यूं साथ चले थे।
रुखी सूखी ही सही,सुख की रोटियां,
मुफलिसी के वो दिन कितने भले थे।
दौलत की चाह में क्या से क्या हुआ,
पास रह के भी अब तो फासले थे।
खुदगर्जी ने वो चराग भी बुझा दिये,
राहे मौहब्बत में जो कभी जले थे।
आँधिया चली,आशिया उजड गया,
कभी तुम भी ,कभी हम भी भले थे।

## अंतर्द्वन्द



आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

मनोस्थिति व्यथित हो रही
कोई उपाय मुझे तो बताए
ख़ुद में अंतर्द्वन्द है चल रहा
सभी मुझे जिम्मेदार ठहराए
क्या मुझसे मैं जुदा हुआ हूँ
या अपने हुए हैं अब पराए?
सभी हमेशा रहते,पास मेरे
वो अपनापन नज़र न आए
मौन हूँ मैं, बोल पाता नहीं हूँ
दिल अंदर बड़ा शोर मचाए
ख़ुद से ख़ुद का द्वंद चल रहा
पर मुझसे मैं जुदा न हो पाए

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

C M Y K

# किसके कहने पर देर रात महिला-पुरूष वारंटियों को धर-पकड़कर सरगुजा पुलिस अपनी पीठ थपथपाने में जुटा:अजय बंसल

» आखिर इतने दिनों तक सरगुजा पुलिस की मुस्तैदी कहां गायब थी...

» वारंटियों के विरूद्ध कार्यवाही को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष,सहकारिता प्रकोष्ठ अजय बंसल की मानें तो ऐसे देर रात धरपकड़ की छूट सूबे के मुखिया नहीं दे रखे हैं।

» सूत्रों की मानें तो ऐसे कई रसूकदार वारंटी मौजूद हैं जो आई.जी. और पुलिस अधीक्षक के करीबी बन धड़ल्ले से घूम रहे हैं।



-भूपेन्द्र सिंह-

अम्बिकापुर,10 जनवरी 2023(घटती-घटना)। सरगुजा जिले का मुख्यालय अम्बिकापुर जहां अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है वहीं अपराधियों पर पुलिस संरक्षण का आरोप गाहे-बगाहे लगता रहता है जिसके एवज में कुछ पुलिसकर्मी आर्थिक फायदा भी उठा लेते हैं। हालांकि अम्बिकापुर के कोतवाली थाना प्रभारी रूपेश नारंग की पदस्थापना से ही इनके योग्यता पर उंगली उठता रहा है जिनको एक मंत्री का खास होने के कारण कोई भी वरिष्ठ अधिकारी कोतवाली से हटाने में हिचक जाता है जबकि जिले में कई ऐसे योग्य थानेदार मौजूद हैं जो बखूबी कोतवाली का भार उठाने में सक्षम हैं। वहीं सरगुजा पुलिस के मुखिया का ससुराल भी सरगुजा मुख्यालय अम्बिकापुर में होने के कारण कई ऐसे अपराध से नाता रखने वालों का संबंध होना भी लॉयन आर्डर का बखूबी पालन में बाधा बनता नजर आता है। वहीं कुछ ऐसे पुलिस आरक्षक जिनका निवास नगर में है वे भी अपनी पुलिसिया रसूक का बखूबी फायदा उठाते हैं जिसका खामियाजा आम नागरिक बनता है जो सिसकते हुए भी अपनी व्यथा बताने से भी डरता है।

विदित हो कि विगत दिवस पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देश में सरगुजा पुलिस के द्वारा कॉम्बिंग गश्त कर लंबित वारंटियों महिला पुरूष के देर रात अत्यधिक ठंड में धर-पकड़ कर थाने ले जाया गया जबकि ईमानदारी पूर्वक नियमित कार्यवाही कर भी इन वारंटियों को पकड़ा जा सकता था फिर भी सरगुजा के ठंड व देररात को दरकिनार करते हुए अपनी पीठ थपथपाने के एवज में कार्यवाही की गई जिसे अजय बंसल (प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ) ने निहायत ही निचले स्तर की कार्यवाही बताते हुए मामले की निंदा की है और इसकी शिकायत सूबे के मुखिया से करने की बात कही है।

## 97 स्थाई वारंट एवं 50 गिरफ्तारी वारंट किए गए तामील




आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में सरगुजा पुलिस द्वारा कॉम्बिग गश्त कर वर्षों से लुक छिप कर रह रहे लंबित वारंटियों पर नकेल कसते हुए आरोपियों की धरपकड़ की गई। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कॉम्बिग गश्त कर वारंटियों की धर पकड़ की गई। नए वर्ष से अभी तक सरगुजा जिले के समस्त थानों से कुल 97 स्थाई वारंट एवं 50 गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा बीती रात कॉम्बिग गश्त के दौरान ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 51 स्थाई वारंट 17 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा वारंट तामिली अभियान में शामिल समस्त अधिकारी कर्मचारियों को नकद इनाम एवं प्रशस्ती पत्र से पुरस्कृत किए जाने हेतु घोषणा की गई है।

# रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर परसा पीईकेबी चेक पोस्ट के सामने स्थानीय ग्रामीणों ने 5 घंटे किया चक्का जाम





## कंपनी द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के लिखित आश्वासन पर समाप्त हुआ आंदोलन





- संवाददाता -

उदयपुर, 10 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। सरगुजा जिले के विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम परसा स्थित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की अदानी कंपनी द्वारा संचालित परसा ईस्ट एवं केते बासेन कोल परियोजना के चेक पोस्ट के सामने मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से स्थानीय बेरोजगार युवकों ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया तथा सुबह की शिफ्ट में काम करने जाने वाले लोगों को अंदर नहीं जाने दिया। लोगों की सिर्फ एक मांग रोजगार उपलब्ध कराना रहा। आंदोलनकारियों में ग्राम परसा साल्ही और अन्य आसपास के ग्रामीण शामिल रहे।

ग्राम परसा स्थित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की पीईकेबी कोल माइंस के सामने दर्जन भर से अधिक ग्राम परसा साल्ही तथा अन्य ग्राम के लोगों स्थानीय लोगों को नौकरी पर रखने की मांग को लेकर सालही से खदान परसा जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर उदयपुर पुलिस उप निरीक्षक समरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची तथा तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी भी पहुंचे। सामान्य बातचीत से ग्रामीण चक्का जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। चार से पांच घंटे तक इन लोगों की बातचीत चलती रही। कंपनी के लोगों द्वारा नौकरी उपलब्ध कराने के लिखित में आश्वासन दिए जाने के बाद सुबह 11 बजे करीब ग्रामीण बेरोजगारों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों सहित काम करने वाले कर्मचारियों और वाहनों की काफी लंबी कतार लगी रही।







## जिला बैडमिंटन संघ दंतेवाड़ा प्रतियोगिता में सूरजपुर के सोमेश लामा रहे प्रथम

### सोमेश ने सिंगल्स,डंबल्स एवं मिक्स डंबल्स में जीता प्रथम पदक

- संवाददाता -

सूरजपुर, 10 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। जिला बैडमिंटन संघ दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित 21 वीं8 राज्य स्तरीय ओपन मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता 5 से 8 जनवरी तक हुई । इसमें 40 आयु वर्ग में सूरजपुर के सोमेश सिंह लामा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स में जलदलपुर के नितेश महंत को हराकर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया,वही डम्बल्स में बिलासपुर के साथी शशिकांत शर्मा के साथ कोरबा के खिलाड़ियों को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया एवं मिक्स डम्बल्स में कोरबा के साथी मनीष सिंह के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया ।

# अपनी क्षमता के अनुरूप पूर्णता हासिल करने की हो कोशिश:सिंहदेव





» मल्टी परपज हाई स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वार्षिकोत्सव संपन्न

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 10 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव की मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न हुआ। समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि जीवन में जो भी हासिल करना चाहते हैं वह सबसे ज्यादा निर्भर अपने कर्म पर होता है इसलिए अपनी क्षमता के अनुरूप पूर्णता को हासिल करने के लिए पूरी कोशिश करें। जीवन में जो भी कार्य करें उसमें सभी के समावेश के साथ ही अपनी योगदान की पूरी गुंजाईश हो। उन्होंने कहा कि 1934 में एडवर्ड हाई स्कूल के नाम से स्थापित यह स्कूल अब बहुत आगे बढ़ चुका है और ऊचाईयों को छूने लगा है। इस स्कूल ने शिक्षा, खेल या अन्य क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। इस स्कूल में सर्वाधिक विद्यार्थियों की संख्या है तथा उनके भविष्य को संवारने का काम किया जा रहा है और यह काम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि विगत कई दशकों से संभाग का यह स्कूल बेहतर परिणाम देते आ रहा है। इस स्कूल के विद्यार्थी अनेक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर नाम रौशन किया है। भविष्य में भी यहां के विद्यार्थी इसी प्रकार नाम रौशन करते रहेंगे।

# सचेत होकर किसानों के हित में करें कार्य:कलेक्टर





» तहसीलदार व नायब तहसीलदार को नोटिस,दो समिति प्रबंधकों की रुकी मानदेय

- संवाददाता -

अम्बिकापुर , 10 जनवरी 2023 (घटती-घटना)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सचेत होकर तथा किसानों के हित को ध्यान में रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। लखनपुर तहसील के कुन्नी समिति में धान खरीदी में लापरवाही पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार को कारण बताओ सूचना जारी करने तथा धौरपुर व लखनपुर समिति में लघु व सीमान्त किसानों से धान खरीदी का अनुपात कम होने के कारण समिति प्रबंधकों का मानदेय भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी कार्य पारदर्शी व किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी समिति प्रबंधक नए-पुराने धान की मिलावट, मिलर्स से सांठ-गांठ कर धान ख़रीदी में गड़बड़ी करने की कोशिश न करे, प्रशासन की निगरानी सब पर है, सीधे कार्रवाई की जाएगी। किसी भी समिति में धान खरीदी के लिए बारदानों की कमी न हो। समिति प्रबंधक खरीदी की अनुमानित मात्रा का पूर्व आकलन कर उसके अनुसार बारदानों की व्यवस्था हेतु खाद्य अधिकारी व जिला विपणन अधिकारी से समन्वय करें। बारदानों की कमी होने पर समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी करें तथा पंजीकृत कोई भी किसान धान बेचने में न छूटे। किसानों का रकबा समर्पण के लिए आरईएओ व पटवारी पंजीयन रकबा के विरुद्ध खरीदी का सत्यापन करें। जिन किसानों को तीन टोकन जारी हो चुके है उनसे रकबा समर्पण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में राशि का अंतरण तथा जिला सहकारी बैंक में राशि भुगतान की भी नियमित मॉनिटरिंग करे तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने सभी उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव सहित एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

# नहीं हटाए गए जनपद पंचायत बैकुंठपुर सीईओ तो आज कार्यालय में होगी तालाबंदी

## जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा...करें कार्यवाही,नहीं तो धरना? प्रदर्शन व तालाबंदी होगी

### अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल नहीं,धरना प्रदर्शन की नौबत

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर जनपद पंचायत में विगत कुछ समय से एक अलग ही प्रकार का मामला सरगर्मी में है। जहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने कुछ समर्थक सरपंचों के साथ जनपद में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी का लगातार विरोध कर रहे हैं। उनके स्थानांतरण के लिए हर स्तर पर आवेदन और ज्ञापन सौंप रहे हैं। लंबे समय तक आवेदन और ज्ञापन की श्रृंखला के बाद कोई कार्यवाही ना होती देख जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो एवं उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू ने अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर को ज्ञापन सौंपा और उचित कार्यवाही ना होने की दशा में जनपद पंचायत कार्यालय में तालाबंदी करने एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सौंपै गए ज्ञापन में इन्होंने उल्लेख किया है कि वर्तमान पदस्थ मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर के कार्य प्रणाली, अनियमितता, मनमानी रवैया तथा जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों के साथ अभद्रता के विरोद्ध स्वरूप दिनांक 11/01/2023 बुधवार को 11 बजे से जनपद परिसर में ताला बन्दी कर अनिश्चितकालिन घरना प्रदर्शन की जायेगी।




श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो एवं श्रीमती आशा साहू जो वर्तमान में जनपद पंचयात बैकुन्ठपुर में निर्वाचित एवं माननीय सदस्यों के द्वारा चुना जाकर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर आसीन होकर अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं। परन्तु संवैधानिक व्यवस्था अर्न्तगत सभी जनपद पंचायतों के कार्यों का सुचारू संचालन हेतु नौकर शाह मुख्यकार्यपालन अधिकारी जो प्रशासनिक कार्यों का प्रतिनिधित्व के तौर पर नियुक्ति होती है, जिससे निर्वाचित जनप्रतिनियों एवं प्रशासन के समन्वय की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर रहती है। वर्तमान परिस्थिति में बैकुन्ठपुर जनपद पंचायत में पदस्थ विनय कुमार कश्यप जो लगभग एक वर्ष से पदस्थ रहकर सभी जनप्रतिनिधियों का, अधिनस्थ कर्मचारियों का, ग्राम के प्रमुख सरपंचों के मध्य सामंजस्य बनाने में असमर्थ रहे हैं। तथा पद का दुरूपयोग कर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुये जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाया है, तथा लोक तन्त्र में इस प्रकार की कार्यप्रणाली सर्वथा अनुचित है। चूकि पूर्व में भी उक्त अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री विनय कुमार कश्यप के अनियमितता कार्यप्रणाली अभद्रता एवं मनमानी रवैया की शिकायत कलेक्टर कोरिया, संभाग आयुक्त अम्बिकापुर, सरगुजा प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू जी छत्तीसगढ़ शासन, स्थानीय विधायक अम्बिका सिंह देव जी, माननीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत एवं माननीय मुख्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन से शिकायत के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से तथा प्रशासन के तौर तरीके एवं मनमानी से त्रस्त होकर दिनांक 11-01-2023 11 बजे से जनपद पंचायत बैंकुन्ठपुर के गेट में तालाबन्द कर अनिश्चितकालिन आन्दोलन धरना प्रदर्शन करेंगे।

### परस्पर विरोधी दलों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की जुगलबंदी बेमिसाल

सामान्य तौर पर यह देखा जाता है कि राजनीति में परस्पर विरोधी दल के सदस्य किसी मुद्दे पर एक साथ कम ही आ पाते हैं। परंतु विगत 1 वर्षों से बैकुंठपुर जनपद की अध्यक्ष जो भाजपा से हैं, एवं उपाध्यक्ष जो कि कांग्रेसी हैं, की जुगलबंदी बेमिसाल है। क्षेत्र में होने वाले लगभग सभी कार्यक्रमों में वे एक साथ नजर आते हैं। सोशल मीडिया से लेकर सामाजिक कार्यों में लगातार एक साथ उपस्थिति चर्चा का विषय है। ऐसा नहीं है कि यह सब कुछ अचानक हुआ। यह नजदीकी तब बढ़ी जब जनपद उपाध्यक्ष की स्थानीय विधायिका से दूरी हुई। पंचायत चुनाव निर्वाचन उपरांत जनपद उपाध्यक्ष स्थानीय विधायिका की कट्टर समर्थक मानी जाती


जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर
जिला - कोरिया (छ.ग.)

रहीं। परंतु जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मामले में पेंच कुछ ऐसा फंसा की दूरियां बढ़ती गई और परस्पर विरोधी दल के निर्वाचित जनप्रतिनिधि से नए तालमेल को आधार मिला। सूत्रों की माने तो जनपद में पदस्थ वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पदस्थापना के बाद मनमानी न चलने के कारण उपाध्यक्ष द्वारा विधायिका के माध्यम से अधिकारी को स्थानांतरित करने का प्रयास किया गया। परंतु सफलता ना मिलने पर स्वयं से उच्च स्तरीय प्रयास संसदीय सचिव को नागवार गुजरा जो इनके मध्य बनी दूरी का कारण बना। वही ज्ञापन के बाद दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर निशाना लगाने की चर्चा भी सर्व व्याप्त है।

### अधिकांश जनपद सदस्य और सरपंच-सचिव सीईओ की कार्यप्रणाली से संतुष्ट

वहीं जनपद में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर अधिकांश जनपद सदस्यों और निर्वाचित सभापतियों का कहना है कि अधिकारी की कार्यप्रणाली अच्छी है। वह किसी भी कार्य का मूल्यांकन स्वयं की निगरानी में करवाते हैं। गुणवत्तापूर्ण कार्य का भुगतान भी समयानुसार कर दिया जाता है। परंतु गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य की राशि स्वीकृत नहीं की जाती। इस मामले में बैकुंठपुर जनपद के अंतर्गत पदस्थ सचिवों का भी मानना है कि जब से उक्त अधिकारी नियुक्त हुए हैं, कमीशनखोरी लगभग बंद हो गई है। एवं सभी कार्य शासन की मंशा अनुसार उचित तरीके से गुणवत्तापूर्ण संपन्न हो रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को अधिकारी की कार्यप्रणाली रास नहीं आ रही एवं अधिकारी को हटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। और शायद यही वजह है कि संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायिका से दूरी बढ़ने के बाद उपाध्यक्ष द्वारा नये आकाओं की तलाश जारी है, जो विगत कुछ माह में क्षेत्र अंतर्गत कुछ कार्यक्रमों में परिलक्षित भी हुआ।

### निचले से लेकर उच्च स्तर तक जोर आजमाइश के बाद क्या तालाबंदी पश्चात मिलेगी सफलता?

सुत्र अनुसार जब से जनपद पंचायत बैकुंठपुर में डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार कश्यप बतौर मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदस्थ हुए हैं, तब से मनमानी, भ्रष्टाचार, गुणवत्ताहीन कार्य और कमीशन खोरी पर अंकुश लग गया है। यही कारण है कि पदस्थापना के बाद से ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी निशाने पर हैं। और प्रत्येक स्तर पर इनके स्थानांतरण की कोशिश की जा चुकी है। जिसके लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू के नेतृत्व में अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो एवं कुछ सरपंचों ने स्थानीय विधायिका एवं संसदीय सचिव श्रीमती अंबिका सिंह देव, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, जिले की प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, स्थानीय कलेक्टर, संभाग आयुक्त महोदय के समक्ष स्थानांतरण का अथक प्रयास कर चुके हैं। परंतु अब तक हासिल सिफर है। अब देखने वाली बात यह होगी कि ज्ञापन अनुसार अनिश्चितकालीन आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी अपना क्या रंग दिखाती है। साथ ही अभी देखने वाली बात होगी कि इस आंदोलन को कितने पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल होता है?

# डॉ.श्वेता तिवारी ने निभाया सामाजिक सरोकार, चट्टीडांड़ स्कूल के सभी बच्चों को बांटे स्वेटर

- संवाददाता -
सूरजपुर , 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

जिले में चल रही शीत लहर और ठंड का कहर धीरे-धीरे बढ़ते ही जा रहा है, हमारे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बच्चे ऐसे भी हैं, जिनके पास पहनने के लिए गर्म कपड़े नहीं है, ऐसे जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने के लिए जिले के अनेक समाजसेवी सामने आ रहे है। ऐसे ही सूरजपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल के जरूरतमंद बच्चों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी में पदस्थ डॉ.श्वेता तिवारी मसीहा बनकर सामने आई । सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाली डॉ.श्वेता तिवारी ने मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल के कक्षा पहली से पाँचवी तक के सभी विद्यार्थियों को ठंड से बचने के लिए अपने स्वयं के खर्च पर एक ही रंग के स्वेटर बांटे,कड़कड़ाती ठंड के बीच स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक उठी । स्वेटर पहनने के बाद बच्चों के चेहरों में खुशियां देखने लायक थी। स्वेटर पाकर बच्चों को ठंडी से राहत मिली है। डॉ.श्वेता तिवारी ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के साथ अपनी खुशी को साझा करने के दौरान इन बच्चों के चेहरों पर काफी खुशी देखने को मिली। बच्चों को ईश्वर का स्वरूप माना जाता हैं,जिनकी मुस्कान से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। डॉ. श्वेता तिवारी ने आगे बताया कि स्कूल की शिक्षिका विनिता सिंह के द्वारा अपने स्कूल के बच्चों की स्थिति से मुझे अवगत कराकर बच्चों की मदद करने के लिए सहयोग मांगा गया था। चट्टीडांड़ स्कूल के अधिकांश बच्चों के अभिभावकों की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब हैं, जिसकी वजह से ये बहुत मुश्किल से अपना जीवन यापन कर पाते हैं, ऐसे में ये अपनी हर जरूरत को पूरा करने में सक्षम नहीं है और इतनी कड़ाके की ठंड में भी








इनके पास पहनने के लिए स्वेटर तक नहीं है। तब मैंने स्कूल में अध्ययनरत सभी बच्चों को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर वितरण किया। बच्चों को स्वेटर वितरण के लिए शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल के प्रधानपाठक गौतम शर्मा,शिक्षिका विनिता सिंह और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बंटेश्वर सारथी और सभी सदस्यों ने डॉ. श्वेता तिवारी का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम पंचायत की संपत्ति को बिना अनुमति के जल जीवन मिशन के ठेकेदार के द्वारा खोदकर किया गया नुकसान

- राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खड़गवां, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

अटल चौक से गढ़ीपारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत नाली निर्माण कार्य वर्ष 2018--19 मे 10 लाख रूपये की लागत ग्राम पंचायत से किया गया था जिसे वर्तमान में जल जीवन मिशन का कार्य कर रहे ठेकेदार के द्वारा दस लाख रुपये की लागत से निमित्त नाली को जे सी बी मशीन से खोद दिया गया है इस नाली का निर्माण ग्राम पंचायत के द्वारा वर्ष 2018--19 मे कराया गया था ग्राम पंचायत की संपत्ति को बिना अनुमति के जल जीवन मिशन के ठेकेदार के द्वारा खोदकर नुकसान किया गया है निमित्त नाली को लगभग बीस से तीस मीटर तक खोद दिया गया है ग्राम पंचायत खडगवा के सचिव को जैसे ही इस निमित्त नाली खोदाई की जानकारी लगी तत्काल सथल पहुंच कर जेसीबी मशीन को रोका गया और ग्राम पंचायत के अनुमति के सबंध मे पूछने पर किसी प्रकार की कोई अनुमति का नहीं होना बताया गया जिस पर सचिव ने ग्राम पंचायत की संपत्ति को नुकसान करने पर अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी देते हुए शासकीय संपत्ति नुकसान पहुंचाने का अपराध दर्ज कराया जाएगा ।





### सचिव ग्राम पंचायत खड़गवां

शासकीय संपत्ति का नुकसान करने पर उच्च अधिकारियों को सूचना सहित रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

» सम्मिलित हुए जनपद सूरजपुर के सभी सरपंच, सचिव व स्वच्छाग्रही

» ओ. डी. एफ. प्लस और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 पर हुई विस्तार से चर्चा

- संवाददाता -
सूरजपुर, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिले के सभी जनपदों में स्वच्छता अंतर्गत ओ.डी.एफ. प्लस और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 पर कार्यशाला,प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 09.01.2023 एवं 10.01.2023 को जनपद पंचायत सूरजपुर में कार्यशाला आयोजित की गई। दो दिवसीय इस कार्यशाला में शामिल सचिव, सरपंच और स्वच्छाग्रहियों के आपसी समन्वय कर ग्राम पंचायत में कार्य करने पर चर्चा की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरे का घरेलू स्तर पर पृथक्करण से लेकर उचित निपटान की प्रक्रिया एवं तरल अपशिष्ट का किचन गार्डन, सोख्ता गड्ढा के माध्यम से उचित प्रबंधन किए जाने, प्लास्टिक कचरे के दुष्परिणाम व उचित निपटान, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 विषय एवं अधिक से अधिक मॉडल ग्राम तैयार किए जाने की प्रक्रिया तथा जीडीपी में 15 वां वित्त की राशि के अभिसरण के संबंध में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन सम्पन्न,उप चुनाव में 70.40 प्रतिशत हुआ मतदान

### मतदान केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर व एसपी, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान सम्पन्न।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

त्रि-स्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन के तहत जिले में आज मतदान सम्पन्न हुआ। कोरिया जिले में कुल 10 पदों हेतु निर्वाचन निर्धारित थे जिसमें 01 जिला पंचायत सदस्य, 03 सरपंच पद और 06 पंच पद शामिल रहे। इसी क्रम में आज निर्वाचन दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लंगेह ने आनी, खरवत और सरडी के मतदान केंद्र में मतदान का जायजा लिया एवं इस दौरान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान सम्पन्न कराने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।मतदान केंद्रों में उन्होंने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु निर्धारित मतदान केंद्रों में 70.40 मतदान प्रतिशत रहा। कुल 49524 मतदाताओ में से 27824 मत डाले गए जिनमें 14336 यानी 72.74 प्रतिशत पुरुष एवं 13488 यानी 68.07 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत गोल्हाघाट में वार्ड क्रमांक 04 पंच पद, ग्राम उरूमदुगा में वार्ड क्रमांक 06 पंच पद और विकासखण्ड सोनहत के ग्राम सोनहत वार्ड क्रमांक 10 पंच पद हेतु निर्विरोध उपनिर्वाचन सम्पन्न हुआ।





सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने लोग मतदान केंद्रों में पहुंचने लगे। सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था रखी गई। सभी पंचायतों में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही, वहीं मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखा गया। सभी मतदान केंद्रों में अपरान्ह 3 बजे तक मतदान पूर्ण किए जाने के तुरंत बाद मतदान केंद्रों में ही मतगणना की जाएगी। सुबह 7 बजे से ही सभी मतदान केन्द्रों में लोग पहुचने लगे। युवा, बुजुर्ग, महिलाओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदान के माध्यम से अपनी सहभागिता दिखाई। बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों में पहुचकर लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

# भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष,सहायक संचालक उद्यानिकी, सहित 9 लोगों पर धोखाधड़ी मामले में प्राथमिकी हुई दर्ज

**आजाक थाने में दर्ज हुई प्राथमिकी,अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित दर्जन भर धाराओं में दर्ज की प्राथमिकी**

- सामुदायिक तालाब निर्माण के लिए जारी वित्तीय सहायता राशि में धोखाधड़ी का किया गया था प्रयास
- सोनहत के किसान के साथ की जा रही थी धोखाधड़ी,20 लाख की राशि हड़पने का था विचार
- भाजपा नेता पर गड़बड़ी और धोखाधड़ी मामले में प्रशासन एवम पुलिस ने दिखाई कार्यवाही को लेकर जल्दबाजी
- बैकुंठपुर के ग्राम खांडा सरपंच पर कब होगी कार्यवाही,अब उठ रहे सवाल ?
- क्या खांडा सरपंच पर विधायक के खास होने के कारण नहीं हो रही कार्यवाही ?
- खांडा सरपंच भी जांच में पाए गए हैं दोषी,लाखों रुपए के गबन की जांच हुई और सही पाया गया
- क्या भाजपा नेता की ही तरह अब खांडा सरपंच पर भी होगी कार्यवाही ?

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है,खबर धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है और यह धोखाधड़ी 20 लाख रुपयों की होने वाली थी और जो पकड़ में आ गई और जिसकी जांच हुई और मामला सही पाया गया और अब सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है और पुलिस कार्यवाही के लिए तैयार है। मामला सोनहत थाना क्षेत्र का है और जिसके साथ धोखाधड़ी होने वाली थी वह सोनहत के ग्राम राउतसरई का निवासी था,जानकारी के अनुसार राउतसरई निवासी आनंदी पिता स्वर्गीय सोमार साय जाति गोंड उम्र 80 वर्ष की भूमि पर सामुदायिक तालाब निर्माण हेतु 20 लाख की राशि राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत स्वीकृत हुई थी,यह राशि उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली थी और इसी राशि की




धोखाधड़ी करने का प्रयास किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार हितग्राही आनंदी को मिलने वाली राशि जो 20 लाख थी पर कुछ लोगों की नजर लग गई और उसमें भाजपा कोरिया जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष भी शामिल था,युवा मोर्चा कोरिया जिलाध्यक्ष सहित इस पूरे धोखाधड़ी प्रयास में उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक विनय त्रिपाठी भी शामिल थे वहीं 9 अन्य लोग भी पूरे मामले में शामिल थे जिनके खिलाफ अपराध दर्ज हुआ है। मामले में हितग्राही को जब खुद के साथ धोखाधड़ी होने का आभास हुआ उसने शिकायत की और कलेक्टर कोरिया ने जांच का जिम्मा जिला पंचायत कोरिया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया और जांच उपरांत जैसा की बताया जा रहा है हितग्राही के आरोप सही पाए गए और उसकी शिकायत पर आजाक थाने में अपराध दर्ज हुआ।

### भाजपा नेता पर हुई प्राथमिकी दर्ज,खांडा सरपंच पर कब होगी कार्यवाही सवाल ?

एक बड़े धोखाधड़ी मामले में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच में भी विलंब कहीं नजर नहीं आया,गलत हुआ और जांच कर कार्यवाही की अनुसंशा की गई यह भी सही है लेकिन यदि ऐसे ही एक अन्य मामले पर नजर डाली जाए तो प्रशासनिक कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगता हुआ नजर आता है और यह समझ में आता है की सत्ता के साथ यदि शामिल रहकर गड़बड़ी की जाए तो कार्यवाही नहीं होगी और धोखाधड़ी करके भी निश्चिंत रहा जा सकता है। मामला





बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत खांडा का है जहां के सरपंच पर लाखों रुपए की गड़बड़ी का आरोप है फर्जीवाड़े का आरोप साबित भी हो चुका हैं जांच उपरांत उसके बाद भी वह कार्यवाही से बचा हुआ है और उसके ऊपर कार्यवाही कब होगी यह सवाल खड़ा हो रहा है।

सरपंच ने ग्राम के विकास के लिए मिली राशि का बंदरबांट किया और लाखों डकारने के बाद भी पद पर बना हुआ है उसके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई यह प्रशासन की तरफ से उसे दी जा रही कैसी छूट है यह भी सवाल उठ रहा है। सरपंच खांडा पर प्रशासन कब कार्यवाही करता है देखने वाली बात होगी।

### विधायक का खास होना सरपंच के लिए कार्यवाही से बचने का कारण तो नहीं

खांडा सरपंच जिसके ऊपर ग्राम विकास निधि से लाखो रुपए गबन करने का आरोप है जो सिद्ध हो चुके आरोप हैं और बावजूद उसके ऊपर कार्यवाही नहीं होने के पीछे की मुख्य वजह यह मानी जा रही है की विधायक का खास होना उसके लिए कवच का काम कर रहा है और इसीलिए उसके ऊपर कार्यवाही नहीं हो रही है और वह गबन करके भी निश्चिंत है।

### इन धाराओं के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी

जांच उपरांत आजाक थाने में पुलिस ने 419, 420, 467, 468, 471, 472, 474, 409, 120 बी भादवि तथा 1/2023 ईआइटीटी 66 घ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवम 3(2) (5) 3 (2) (5क) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### आरोपियों में कौन-कौन है शामिल

मामले में भाजयुमो जिला कोरिया अध्यक्ष अंचल किशोर राजवाड़े, उद्यानिकी विभाग के ही सहायक संचालक विनय त्रिपाठी, सहित उद्यान जिला पंचायत के तीन अधिकारी स्पलायर फर्म का संचालक सहित कई अन्य शामिल थे। मामले में सभी के नाम समाने नहीं आ सके हैं लेकिन संख्या अधिक है और यह पूरा फर्जीवाड़ा बड़े ही सुनियोजित तरीके से किया जाने वाला था।

## सिद्धि आजीविका संकुल संगठन ने किया शिविर का आयोजन स्वास्थ्य परीक्षण सहित हकदारी योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी



- संवाददाता -
लखनपुर, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

लखनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुन्नी में 10 जनवरी दिन मंगलवार को सिद्धि आजीविका संकुल संगठन के द्वारा का शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर हकदारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुन्नी क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायतो के विधवा दिव्यांग जनों एवं वृद्धजनों का स्क्रीनिंग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में सिद्धि आजीविका संकुल संगठन के द्वारा ग्राम कुन्नी में शिविर आयोजित कर विकासखंड के 20 ग्राम पंचायतों के विधवा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा पेंशन, आधार, परिचय पत्र, विधवा, परित्यागता, दिव्यांग पेंशन से संबंधित हकदारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सूची तैयार कर शासन को भेजकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जा सके। इसी के साथ सभी वृद्धजनो, विधवा दिव्यांग जनों को स्वयं सहायता समूह में जुड़े रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। ताकि बिहान योजना के तहत शासन के योजनाओं का लाभ हम उन तक पहुंचा सकें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा का वितरण किया गया है उपस्थित ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। जिला आधिकारी डिपीएम देवेंद्र पटेल, डीपीएम संतोष दुबे, औषधि चिकित्सा अधिकारी डॉ यूके साहू, सावन पांडे एवं बिहान योजना के समस्त अमला शिविर में उपस्थित रहे।

## अंकुश सिंह के भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनने के बाद प्रथम कुसमी शहर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोड़दार स्वागत

- संवाददाता -
कुसमी, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के सामरी चांदो क्षेत्र जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह खैरवार को प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा नई जिम्मेदारी की तौर पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री पद का दायित्व हालहि में दिया गया है,अंकुश सिंह को प्रदेश नेतृत्व में जगह मिलने पर कुसमी सामरी चांदो क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारीयो खुश होकर आज मंगलवार को अंकुश सिंह के प्रथम कुसमी शहर आगमन पर पटाखे फोड़कर शहर में रैली निकालकर कार्यकर्ताओ ने फूलमाला पहनाकर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया, दरसल अंकुश सिंह ने अपना राजनीति सफर की शुरुवात कुसमी ब्लाक क्षेत्र से किया है और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य की जिम्मेदारी भी निभा रहे है ,और अब भारतीय जनता पार्टी के लिये अच्छा काम करने की वजह से इन्हें भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के द्वारा नई जिम्मेदारी दी गई है,गौरतलब है कि यह वर्ष चुनावी वर्ष है,पिछले दो बार से सामरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधानसभा चुनाव हारती आ रही है वही अब 2023 में फिर से विधानसभा चुनाव होने वाला है ऐसे में भाजपा संगठन के वरिष्ठ जन



पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सामरी विधानसभा की सीट पर पुनः वापसी के लिये अपनी और तैयारी शुरू कर दी ,गांव- गांव में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण दौरा कर जो भी भाजपा उम्मीदवार के तौर खड़ा हो उन्हें जीत दिलाने के लिये कार्यकर्ताओ के बीच चर्चा भी होती रहती है,साथ ही संगठन के कई कार्यक्रम भी होते रहते है, बहरहाल 2023 आ गया है इस बार के विधानसभा चुनाव में देखने वाली बात होगी कि राजनीति में क्या कुछ नया देंखने को मिलता है कांग्रेस भी अपनी सीट बरकरार रखने के लिये तैयारी शुरू कर दी है सामरी क्षेत्र के विधायक एवं संसदीय सचिव चिन्तामणी महराज लगातार क्षेत्र में जनसम्पर्क के साथ कार्यकर्ताओ को एकजुट कर बैठक कर रहे और आने वाले चुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर चर्चा भी करते रहते,वही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी भी गांव गांव में बैठक रखकर पार्टी को मजबूत के साथ आमआदमी पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिये चर्चा करते रहते है। 2023 में विधानसभा चुनाव के लिये लगभग लोग अनुमान लगा रहे है कि नवंबर दिसंबर के बीच विधानसभा चुनाव का मतदान होगा देंखने में भले ही आम लोगो के लिये काफी समय दिख रहा है लेकिन राजनीति क्षेत्र में काम करने वाले लोगो देखकर अब लग रहा है कि सभी राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगो के लिये बहुत कम ही समय बचा हुआ है क्योकि सभी अपने अपने हिसाब से चुनाव की तैयारी में जुट गये है।

## अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत,विभागीय तौल कांटा से रोजाना हो रहा लाखों का कोयला पार

- राजा मुखर्जी-
कोरबा, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

एसईसीएल की सराईपाली परियोजना अंतर्गत बुड़बुड़ खदान से ओवरलोड के जरिये प्रति ट्रेलर भार क्षमता के अलावा लगभग 01 टन से अधिक अवैध कोयला लोड कर चोरी का खेल पिछले लंबे समय से खदान अधिकारियों- कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा है। कार्रवाई के अभाव में चोरी पर लगाम नहीं लग पा रही । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुड़बुड़ खदान से कोयला लेकर निकलने वाले ट्रेलरों को एसईसीएल के विभागीय कांटा से तौल करवाकर खदान से बाहर निकलना रहता है। इसमें चोरी करने के नायाब तरीका के तहत कोयला लोड मालवाहकों में भाड़ा पर्ची में अंकित भार क्षमता से करीबन 01 टन से भी



अधिक अतिरिक्त कोयला लोड करवा कर खदान से बाहर भेजा जाता है। इस मामले में कोयला चोरों से खदान अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत की बात बतायी जा रही है। सूत्रों के मुताबित उक्त खदान में वर्तमान लगभग 150 मालवाहक वाहन कोयला परिवहन के लिए लगती हैं। बताया जा रहा कि एक ट्रेलर की भार क्षमता औसतन 39 टन रहती है, किंतु इस क्षमता के अतिरिक्त 01 टन से अधिक कोयला मालवाहकों में लोड कराया जाता है, जबकि विभागीय तौल कांटा से भाड़ा पर्ची में अंकित भार होना बताकर वाहन गंतव्य की ओर रवाना कर दिया जाता है। देखा जाए तो रोजाना सैकड़ों टन कोयला खदान भीतर से बेरोक-टोक कोल माफियाओं तक जा रहा है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा सकती है। बुड़बुड़ खदान से प्रतिदिन लाखों के कोयले की हो रही हेराफरी मामले में खदान अधिकारियों-कर्मचारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि बिना मिलीभगत यह कार्य संभव नहीं। कोयला चोरी से एसईसीएल को भारी क्षति पहुंच रही , वहीं संलिप्त लोग मालामाल हो रहे हैं। एसईसीएल सराईपाली परियोजना के शीर्ष अफसर इस ओर गंभीरता से संज्ञान लेकर बुड़बुड़ में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों पर लगाम कसते हुए इस चोरी के खेल पर रोक लगाएं, नहीं तो यह खेल निर्बाध जारी रहेगा।

## राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल प्रबंधन को दी चेतावनी

- संवाददाता -
कोरबा, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

एसईसीएल की मानिकपुर कोल परियोजना में नियोजित कलिंगा ठेका कंपनी में स्थानीय भू-विस्थापितों को रोजगार दिए जाने को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रदर्शन कर रहे भू-विस्थापितों को राजस्व मंत्री का मिला साथ ढ्ढ कलिंगा ठेका कंपनी में भू-विस्थापितों को रोजगार दिए जाने को लेकर पिछले एक सप्ताह से किये जा रहे प्रदर्शन में प्रदेश के राजस्व मंत्री सह कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने मौके पर पहुंच भू-विस्थापितों के साथ धरने पर बैठने से एसईसीएल अधिकारी आये सकते में। उन्होंने इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन को आड़े हांतों लेते हुए कहा के सुधर जाओ नहीं तो सुधार देंगे ढ्ढ उन्होंने जल्द भू-विस्थापितों की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें रोजगार देने की बात कही ढ्ढ उन्होंने कहा के एसईसीएल द्वारा नियोजित

जो भी कंपनी बहार से आये हैं ,ऐसा नहीं होगा के वे सारे कर्मचारी बहार से लेकर आएंगे उन्हें यहाँ के लोगों को योग्यता अनुसार पहले कार्य में रखना होगा, क्योंकि



यहाँ के लोग एवं ग्रामीण अपनी जमीन एसईसीएल प्रबंधन को दे रखी है और एसईसीएल सब भू-विस्थापितों को रोजगार में नहीं रख सकता है पर जो एसईसीएल कि सहायक कंपनियां बाहर से कार्य करने के लिए नियोजित किया गया है ,उनमें भू-विस्थापितों को रोजगार में रखना होगा ढ्ढ इस मुद्दे पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के हस्तक्षेप के बाद निश्चित ही किसी निष्कर्ष में पहुँचने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भटगांव विधायक की स्व. माताजी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
सूरजपुर, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज सूरजपुर जिले के भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े के माताजी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया एवं आज उनके गृह निवास ग्राम बतरा पहुंच कर माताजी स्व. बालकुंवर राजवाड़े के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की माता श्रीमती बाल कुंवर राजवाड़े का विगत 30 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया था। जिसपर आज मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शोक संतप्त परिवार से भेंटकर इस शोक की घड़ी में ढांढस बंधाया एवं मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।







इस दौरान खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह, संसदीय सचिव एवं विधायक मनेंद्रगढ़ श्री विनय जायसवाल, संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंह देव, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, लुण्ड्रा विधायक प्रीतम राम ,अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मरावी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय श्रीमती बालकुंवर राजवाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिले के स्थानीय प्रतिनिधि सहित सरगुजा आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी उपस्थित थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जनवरी तक

सूरजपुर, 10 जनवरी 2023
(घटती-घटना)।

जिले के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, आई.टी.आई., पॉलीटेक्निक, कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए वेबसाइट postmatric-scholarship.cg.nic.in पर 30 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) कर सकते हैं। संस्थाओं से प्रस्ताव लॉक करने हेतु 10 फरवरी और सैक्शन ऑडर लॉक करने हेतु 20 फरवरी 2023 तक तिथि निर्धारित की गई है। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशानुसार वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भी छत्तीसगढ़ राज्य पोर्टल postmatric-scholarship.cg.nic.in आवेदन किया जाना है। वर्ष 2022-23 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस द्वारा आधार आधारित भुगतान की जा रही है। सभी विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करते समय आधार लिंक बैंक खाता नंबर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

# हॉकी विश्व कप 2023 का शानदार होने वाला है आगाज

### कई सेलेब्रिटीज देंगे पर्फोमेंस

**कटक,10 जनवरी 2023।** पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की शुरुआत होने में काफी कम दिन बचे है। हॉकी विश्व कप की शुरुआत से पहले शानदार उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हॉकी विश्व कप 2023 के उद्घाटन समारोह के आयोजन के लिए कई धमाकेदार पर्फोमेंस की जाएंगी। उद्घाटन समारोह में कई बॉलीवुड सितारे, स्थानीय गायक और विदेशी कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां पेश की जाएंगी। इस उद्घाटन समारोह को लेकर भी खास जोश युवाओं में है। उद्घाटन समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

### इस दिन होगा हॉकी विश्व कप का उद्घाटन

हॉकी विश्व कप का उद्घाटन समारोह 11 जनवरी को कटक के बारबाटी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह को लेकर कई तैयारियां की गई है। उद्घाटन समारोह की तैयारियां भी अंतिम स्तर में पहुंच गई है। खेल एवं युवा विभाग के अधिकारियों ने भी स्टेडियम का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया है।

### इनकी होगी पर्फोमेंस

पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के आगाज को भव्य, शानदार और यादगार बनाने के लिए हर स्तर पर तैयारियां की जा रही है। अधिकारी लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे है। इस उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड सुपरस्टार और युवाओं के फेवरेट रणवीर सिंह, अभिनेत्री दिशा पाटनी जैसे कलाकार परफॉर्म करेंगे। इस कार्यक्रम में संगीत निर्देशक प्रीतम, लीशा मिश्रा, ओडिशी नृत्य गुरु अरुणा महांती, नीति मोहन, गायक बेनी दयाल, गायक श्रेया लेनका और ब्लैकसन डांस ग्रुप द्वारा दमदार प्रस्तुति पेश की जाएगी।




### उद्घाटन समारोह देखने के लिए करें ये काम

हॉकी विश्व कप 2023 के शो के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। इसे लाइव देखने के इच्छुक दर्शकों के लिए टिकट की बिक्री हो रही है। वहीं इसका सीधा प्रसारण कई चैनलों पर भी किया जाएगा। बता दें कि उद्घाटन समारोह का आयोजन 11 जनवरी की शाम 3 बजे से शुरू होगा।

## इस ऑस्ट्रेलिया की टीम है दमदार

इस विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम काफी मजबूत मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार 2014 में नीदरलैंड के हेग में खिताब जीता था। टीम ने यहां अपने खिताब का बचाव करने में सफल रही थी। उसने अपना पहला खिताब 1986 में मेजबान इंग्लैंड को हराकर जीता था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एडी ओकेनडेन ने यहां पहुंचने के बाद कहा कि हमारे खिलाड़ी यहां आकर वास्तव में उत्साहित हैं और टूर्नामेंट में से हमें बड़ी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और विश्वास है कि हम खिताब जीतने में सक्षम होंगे। हमारी टीम के पास बहुत अनुभव है और यह वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां 13 जनवरी को फ्रांस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## भारत के पास पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 जीतने की क्षमता है : अशोक कुमार

**झांसी ,10 जनवरी 2023।** हॉकी के जाने माने खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार ने कहा कि भारतीय टीम के एफआईएच ओडिशा मेन्स वर्ल्ड कप 2023 जीतने की पूरी क्षमता है। वर्ष 1975 में हॉकी की विश्व विजेता बनी भारतीय टीम की न केवल हिस्सा रहे बल्कि फाइनल में अपने करिश्माई गोल के बल पर टीम को रोमांचक जीत दिलाने वाले अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपियन अशोक कुमार ने यूनीवार्ता से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर अपने देश की टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने संभावनाएं प्रबल हैं, बशर्ते उसे 1975 की भारतीय टीम की उस ऐतिहासिक जीत को अपने जहन में रखकर इस मेगा इवेंट में 1975 के प्रदर्शन को दोहराना होगा। भारत के पास अच्छे स्ट्राइकर, पेनाल्टी कॉर्नर लेने वाले और अच्छे गोलकीपर हैं इसलिए इस विश्वकप में उनके पास इस विश्वकप में दूर तक जाने के लिए सभी अनुकूल परिस्थितिया मौजूद हैं।

अशोक कुमार ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी बहुत उत्साहित या भावुक हो जाते हैं लेकिन अगर वो अपना फोकस रख सके तो ऑस्ट्रेलिया के साथ विश्व कप जीतने के सबसे बड़े दावेदारों में से एक हैं। नीदरलैंड का विश्व कप में हमेशा अच्छा प्रदर्शन रहता है और उसे नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता है। पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने काफी सुधार किया है, इसलिए मुझे उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ साथ बेल्जियम, अर्जेंटीना और इंग्लैंड भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए, कम से कम छह-सात टीमें



हैं जो शीर्ष पर हो सकती हैं। यह बेहद दिलचस्प होगा क्योंकि टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले होने वाले है और हॉकी को इसकी जरूरत है। भारत स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ ग्रूप डी में है।

वर्ष 1975 विश्व विजेता टीम के सदस्य राइट इन अशोक कुमार ने ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की सराहना की और बताया कि वह इतने सफल क्यों हैं?क्योंकि हरमनप्रीत सिंह शांत स्वभाव के साथ साथ सुकून भरा रवैया है। वह वास्तव में शानदार खिलाड़ी है क्योंकि वह अपनी ताकत और विपक्षी टीमो की कमजोरियों से भलीभांति परिचित है। जब वह पेनल्टी कार्नर ले रहा होता है तो वह इस पर ज्यादा जोर नहीं देता कि सामने कौन है। हालांकि मुझे लगता है कि उस पर दबाव काफी ज्यादा होगा।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र और ओलंपियन अशोक कुमार ने कहा कि भारत के पास युवा ड्रैग फ्लिकरों का एक मजबूत पूल है जो एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में टीम की मदद करेगा। उन्होंने कहा मौजूदा भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उनके पास फॉर्वर्ड लाइन में मनदीप और मिडफल्ड में मनप्रीत, विवेक सागर के रूप में अच्छा कॉम्बिनेशन है इसके साथ साथ 4-5 वास्तव में अच्छे पेनल्टी कार्नर लेने वाले खिलाड़ी हैं जो स्कोर कर सकते हैं। अगर वे सभी अच्छा करेंगे, तो इससे हरमनप्रीत सिंह पर दवाब कम रहेगा। मैं उम्मीद कर सकता हूं कि भारतीय खिलाड़ी 1975 की विश्व विजेता बनने की हमारी कहानी को एकबार पुनः दोहराने मे सक्षम है ।

## भारत के विरुद्ध पहले टेस्ट से बाहर रह सकता हूं : स्टार्क

**सिडनी ,10 जनवरी 2023।** ऑस्ट्रेलिया के चोटग्रस्त गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अंदेशा जताया है कि वह भारत के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।



ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान कैच पकड़ते हुए स्टार्क के गेंदबाजी वाले हाथ में चोट लग गयी थी, जिसकी वजह से वह तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे।मैं पहले टेस्ट से बाहर रह सकता हूं। हम देखेंगे कि महीने के अंत में स्थिति क्या है। उम्मीद है कि मैं दूसरे टेस्ट तक खेलने के लिये फिट हो जाऊंगा।

बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान हरफनमौला कैमरन ग्रीन की उंगली में भी फ्रैक्चर हो गया था और नागपुर में नौ जनवरी से होने वाले पहले टेस्ट से वह भी बाहर रह सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि स्टार्क और ग्रीन की गैरमौजूदगी में जॉश हेजलवुड टेस्ट टीम का हिस्सा रहेंगे। हेजलवुड इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में खेले गये तीसरे टेस्ट में भी टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने कुल पांच विकेट लिये थे।कमिंस ने कहा, हेजलवुड को टीम में शामिल करने में कोई झिझक नहीं है। आप जानते हैं कि उनको टीम में लाने से आपको गुणवत्ता मिलेगी। उस (सिडनी) पिच पर चार या पांच विकेट प्राप्त करना आसान नहीं है। हर बार जब वह (हेज़लवुड) गेंदबाजी करता था तो वह खतरनाक दिखता था।

## अमांडा एनिसिमोवा ने एडीलेड में पहले दौर में जीत दर्ज की

**एडीलेड ,10 जनवरी 2023।** अमेरिका की 'लकी लूजर' अमांडा एनिसिमोवा ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को 7 . 5, 6 . 3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में जीत दर्ज की। पिछले साल विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची एनिसिमोवा फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल भी खेल चुकी हैं। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को क्वालीफायर के द्वारा टूर्नामेंट में प्रवेश मिला है।



पिछले सप्ताह एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में वह चौथी वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से हार गई थी जिसके कारण उसे इस सप्ताह मुख्य ड्रॉ के लिये क्वालीफाई करना पड़ा। पुरूष वर्ग में अमेरिका के टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल को 6 . 4, 7 . 5 से हराया।

## रोहित के साथ ईशान को करनी चाहिये ओपनिंग : इरफान पठान

**नयी दिल्ली ,10 जनवरी 2023।** पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के साथ ईशान किशन को भारत के सलामी बल्लेबाज की भूमिका में रखा जाना चाहिये।

पठान ने कहा, मेरा मानना है कि अभी आपको तीन सलामी बल्लेबाज रखने की जरूरत है। मेरे लिये सलामी जोड़ा में रोहित शर्मा, ईशान किशन पहले आते हैं और फिर उनके बाद शुभमन गिल। गिल बेशक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, उनके दो टी20 मैच भले ही अच्छे नहीं गये, लेकिन उनके पास क्षमता है और गिल ने एकदिवसीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन भी किया है। इसलिये उनका नंबर तीन पर होना जरूरी है, लेकिन मैं रोहित और ईशान किशन के साथ शुरुआत करूंगा क्योंकि ईशान ने हाल फिलहाल में अच्छी क्रिकेट खेली है और रन बनाये हैं।



किशन ने हाल में बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में मिले एकमात्र मौके को भुनाते हुए 210 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। उन्होंने अपने पहले दोहरे शतक में 10 छक्के और 24 चौके जड़े थे। मेजबान भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत करेगा। यह सीरीज अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होगी।

इरफान ने कहा, सीरीज जीतना जरूरी है, चाहे हम कोई भी सीरीज खेलें। द्विपक्षीय सीरीज आप घर में खेलें या बाहर, उसे जीतना आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका उद्देश्य 2023 विश्व कप होगा जो इस साल अक्टूबर में भारत में हो रहा है। इसलिये विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमें टीम संयोजन पर काम करना होगा और उसके अनुसार ही एकादश चुननी होगी।

## भारत में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसा : अभिषेक

**राउरकेला ,10 जनवरी 2023।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि स्वदेश में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसा है और वह इसके लिये बहुत उत्साहित हैं।



एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले सत्र में पदार्पण करने वाले 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, भारत के लिये स्वदेश में विश्व कप खेलना सपने के सच होने जैसा है। मैं इसके लिये बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मैं थोड़ा घबराया हुआ भी हूं। न सिर्फ यह मेरा पहला विश्व कप होगा, बल्कि इतनी बड़ी भीड़ के सामने खेलने का पहला अनुभव भी होगा। ओडिशा के लोग हॉकी को लेकर बहुत जोशीले हैं और उनके सामने खेलना मेरे लिये बहुत बड़ा अनुभव होगा।

अभिषेक ने हॉकी का सफर हरियाणा के सोनीपत में 11 वर्ष की आयु में शुरू किया था। अपने एक दोस्त को हॉकी खेलता देख उन्होंने भी कोच शमशेर सिंह के अधीन रहकर खेल सीखना शुरू कर दिया।

अभिषेक ने बताया, अपने स्कूल से शुरू करने के बाद, मुझे राष्ट्रीय हॉकी अकादमी, दिल्ली में चुना गया और 2013-2015 के बीच राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा के लिये खेलने के बाद मैंने जूनियर कैंप में जगह अर्जित की।

अभिषेक उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने बंगलादेश में अंडर-18 एशियाई कप 2016 जीता था। उन्होंने फाइनल में मेजबान टीम के खिलाफ टीम की 5-4 से जीत में विजयी गोल किया, हालांकि वह आगे नहीं बढ़ सके और उन्हें जूनियर राष्ट्रीय कैंप से बाहर कर दिया गया।

## जापानी बॉक्स ऑफिस पर आरआरआर का तहलका




साउथ के निर्देशक एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर के चर्चे दुनियाभर में हो रहे हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर तमाम रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। यह फिल्म सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सुपरहिट साबित हुई। फिलहाल, आरआरआर जपानी बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। 21 अक्टूबर, 2022 को रिलीज हुई आरआरआर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इसने रजनीकांत की फिल्म मुथु को पछाड़ दिया है। आरआरआर ने जापान में 50 करोड़ येन (लगभग 31 करोड़ रुपये) का आंकड़ा पार कर लिया है और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। बता दें, आरआरआर आजादी के पहले के दो भारतीय क्रांतिकारियों अल्लूरी सीताराम और कोमाराम भीम पर आधारित है। फिल्म में आलिया भट्ट और अजय देवगन ने कैमियो किया था। दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक कमाने वाली यह फिल्म तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज हुई थी।

## बिकिनी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं केट शर्मा

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड फोटोज से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर अपलोड करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोज से एक बार फिर से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग पोज देते हुए समुद्र के किनारे तस्वीरें क्लिक करवाते हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड फोटोज से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपने फैंस का खास ख्याल रखते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉट लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। केट शर्मा ने इन तस्वीरों में बेहद ही स्टाइलिश व्हाइट कलर की बिकिनी लुक में ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा बाल खोलकर कैमरे के सामने ना देख साइड में



देखते हुए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री केट शर्मा की हर एक अदाओं पर फैंस उनके हुस्न के कायल हो जाते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस लाइक कर रहे हैं और कॉमेंट भी कर रहे हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा इन तस्वीरों में समुंद्र किनारे खूबसूरत सी स्माइल देते हुए फैंस का दिल पर खंजर चलाने का काम काफी अच्छे से कर रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।

## शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी का मोशन पोस्टर जारी



अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी वेब सीरीज फर्जी को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज के जरिए वह अपना डिजिटल डेब्यू करने वाले हैं। अब मेकर्स ने फर्जी का मोशन पोस्टर जारी कर दिया। इसके साथ राशि खन्ना और केके मेनन का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। फर्जी का मोशन पोस्टर अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, असली और फर्जी के बीच की लाइनें यहां से ब्लर हो रही हैं।

मोशन पोस्टर में शाहिद और विजय सेतुपति के अलावा राशि और मेनन का लुक भी जबरदस्त है। बता दें, यह वेब सीरीज 10 फरवरी को रिलीज हो रही है। इस वेब सीरीज को राज और डीके ने बनाया है। इससे पहले इस जोड़ी ने द फैमिली मैन और द फैमिली मैन 2 का निर्माण किया था। फर्जी एक रोमांचक क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसमें अमोल पालेकर, रेजिना कैसेंड्रा और भुवन अरोड़ा जैसे कलाकार भी हैं।

## प्यासे के साथ नरगिस फाखरी करेंगी 2023 की शुरूआत



एक्ट्रेस नरगिस फाखरी 2023 की शुरूआत अपने नए म्यूजिक वीडियो प्यासे के साथ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पर काम करना बेहद शानदार था। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर साझा किया, जुड़े रहने के लिए अभी ट्यून करें। बोहेमिया और प्रीत इंदर के साथ इसे शूट करना एक धमाकेदार अनुभव रहा।

म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के अपने अनुभव को साझा करते हुए नरगिस ने कहा- अनुभव शानदार, मजेदार और यादगार था। मैं फैंस की ओर से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सराहना पाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।मैं इस म्यूजिक एल्बम प्यासे को सबके साथ शेयर करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। प्यासे को बोहेमिया और प्रीतिंदर ने गाया है, संगीत रजत नागपाल ने दिया है और गीत परम ने लिखे हैं। नरगिस ने 2011 में रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में कदम रखा था। बाद में उन्होंने राजनीतिक थ्रिलर मद्रास कैफे, कॉमेडी फिल्म मैं तेरा हीरो, स्पाई और हाउसफुल 3 में अभिनय किया। 43 वर्षीय एक्ट्रेस को आखिरी बार गिरीश मलिक द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म टोरबाज में देखा गया था, जिसमें संजय दत्त एक मेडिकल प्रोफेशनल की भूमिका निभाते हैं, जिसने काबुल में भारतीय दूतावास में रखे जाने के दौरान अपनी पत्नी और बेटे को खो दिया था।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर ,10 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की 10 जनवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने शास्त्री के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि शास्त्री ने आजादी के पहले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और आजादी के बाद सशक्त भारत के निर्माण में अतुल्य योगदान दिया।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और इसके कारण उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उनके जय जवान-जय किसान के नारे ने जवानों के बलिदान के साथ अन्नदाता किसानों की मेहनत को भी सम्मान दिलाया। शास्त्री जी के काम के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति उनके निर्णयों और कार्यों में दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार को चरितार्थ करने वाले शास्त्री ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया, उनके जीवन मूल्य हमेशा सब को प्रेरित करते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम को दी जन्मदिन की बधाई



**रायपुर ,10 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी नेता एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने नेताम के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की है।

### आशुतोष दुबे बने बीजेपी विधायक दल के स्थायी सचिव



**दुर्ग ,10 जनवरी 2023(ए)।** दुर्ग के आशुतोष दुबे को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का सचिव नियुक्त किया गया है। 35 वर्षीय आशुतोष दुबे शिक्षा से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर हैं। वे दुर्ग भाजपा ज़िला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा का स्थान लेंगे।

चुनावी वर्ष में भाजपा के विपक्ष के नेता नारायण चंदेल द्वारा भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर, संगठन प्रभारी अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और संगठन महामंत्री पवन साय, अजय चंद्राकर के नेतृत्व में यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। वर्तमान में आशुतोष दुबे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं।

लोकसभा में 5 वर्ष काम का अनुभव

आशुतोष इससे पहले लोकसभा में तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के संसदीय सलाहकार के दायित्व में कार्य कर चुके हैं। लोकसभा के कार्यो के अनुभव को देखते हुए आशुतोष को यह ज़िम्मेदारी दी गई है।

# साग-सब्जियां सुखाने दिए जाएंगे सोलर ड्रायर

» ग्रामीणों को आय और रोजगार दिलाने में सफल हो रही है गोधन न्याय और रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क योजना

» रोजगार और आमदनी बढ़ने से ग्रामीणों के जीवन में आ रहा है परिवर्तन

» गौठानों में नये-नये उद्यम शुरू करने में बढ़ रही है ग्रामीणों की रूचि

**रायपुर,10 जनवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों में सोलर ड्रायर उपलब्ध कराए जाएंगे। धमधा और पत्थलगांव में टमाटर के बड़े पैमाने पर उत्पादन को देखते हुए इन क्षेत्रों के गौठानों में टमाटर को सूखा कर विक्रय का काम प्रारंभ किया जा सकता है। इसी तरह अन्य स्थानों में छत्तीसगढ़ की भाजियों को सूखा कर उनके विक्रय की शुरूआत की जा सकती है। इस नये कार्य से भी किसानों और समूहों की आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के ऑनलाईन अंतरण के लिए आयोजित वर्चुअल




कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में गौपालकों, गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 7 करोड़ 05 लाख रूपए की राशि का अंतरण किया। उन्होंने 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.29 लाख क्विंटल गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 59 लाख रूपए, गौठान समितियों को 1.46 करोड़ रुपए और महिला समूहों के खाते में 01 करोड़ रूपए की लाभांश राशि अंतरित की। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना और रूरल इंडस्ट्रियल पार्क ग्रामीणों को आय और रोजगार उपलब्ध कराने की एक सफ्ल योजना के रूप में जल्द ही देश और दुनिया के सामने होगी। लोगों से इन योजनाओं के प्रति भारी समर्थन मिल रहा है। ग्रामीण नये-नये उद्यम स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय संसाधनों और बाजार की मांग के अनुरूप ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों को उपयोगी और लाभप्रद लघु और कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रीपा के कार्य में और अधिक तेजी लाई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन और उनके विक्रय में मिली सफ्लता के साथ महिला समूहों द्वारा गोबर से प्राकृतिक पेंट तैयार करने की यूनिट लगाने की काफी मांग कर रहे हैं। कई गौठानों में गोबर से बिजली बनाने का काम भी शुरू हो रहा है। सुकमा और जगदलपुर में गोबर से बिजली के संयंत्र की स्थापना का कार्य इस माह में पूरा हो जाएगा। गोबर से गौ-काष्ठ और गमले जैसे उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी अच्छी खपत हो रही है। गोबर हमारे लिए अब मूल्यवान बन गया है। गांवों में कुटीर उद्योग प्रारंभ होने की परिकल्पना अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10,894 स्वीकृत गौठानों में से 9,591 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है। हमारे लगभग 50 प्रतिशत गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, 4,564 स्वावलंबी गौठानों ने अपनी स्वयं की राशि से अब तक 35.19 करोड़ रुपए के गोबर की खरीदी की है।

कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने इस अवसर पर कहा कि हमारे गौठानों में अब गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना साकार होती दिख रही है। उन्होंने कहा कि गौठानों में अब तक 98.73 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेताओं को 197.45 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह इस योजना के माध्यम से गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 171.87 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गौठानों में कार्यरत स्व-सहायता समूहों को आयमूलक गतिविधियों से अब तक 105.18 करोड़ रूपए की आय हो चुकी है। अब तक गौठानों से 16 लाख 68 हजार 715 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है।

37 गौठानों में शुरू होगी गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 25 जिलों के 37 गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की 37 यूनिटें इस माह के अंत तक स्थापित हो जाएंगी।

## आबकारी विभाग को करोड़ों का चूना लगाने वाला बैंक कैशियर गिरफ्तार

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**बिलासपुर ,10 जनवरी 2023(ए)।** बिलासपुर में बैंक और आबकारी के कर्मचारियों द्वारा मिलकर आबकारी विभाग को 1.27 करोड़ का चुना लगाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि कर्मचारियों ने बैंक में बिना रुपए जमा किए ही जमापर्ची लेकर इस गड़बड़ी को अंजाम दिया गया है। इस गड़बड़ी के सामने आते ही ठेका कंपनी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत बैंक के प्रबंधक से की। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपी बैंक कैशियर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।




### जमा पर्चियां मौजूद, लेकिन खाते में नहीं जमा हुए पैसे

जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के व्यापार विहार के एक्सिस बैंक में यह गड़बड़ी हुआ है। जहां छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन का खाता है। शराब बिक्री की रकम को टफ सिक्योरिटी के कर्मचारी दुकानों से लाकर छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग के खाते में जमा कराते हैं। कंपनी के ऑडिट में पता चला है कि, बैंक खाते में एक करोड़ 27 लाख रुपए कम हैं। इसकी जमा पर्चियां कंपनी के पास मौजूद है, लेकिन ये पैसे खाते में जमा नहीं हुए हैं।

कंपनी के अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली तब उन्होंने इसकी शिकायत बैंक प्रबंधक से की। जिसके बाद जाँच में यह बात सामने आई कि, बैंक कैशियर राकेश प्रसाद ने जमा पर्ची जारी की है, लेकिन वह पैसे खाते में जमा नहीं हुए हैं। टफ सिक्योरिटी के कर्मचारियों से बिना रकम लिए ही पर्चियां जारी की गई हैं। इसके एवज में कैशियर को कमीशन मिला है।

### बैंक कैशियर गिरफ्तार

गड़बड़ी सामने आने के बाद बैंक प्रबंधक दुर्जती मुखर्जी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने बैंक कैशियर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी, 420, 467 और 468 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी बैंक कैशियर राकेश प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में शामिल टफ सिक्योरिटी कंपनी के अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है.

## फरार कैदी मामले में एसएसपी ने 2 पुलिस जवानों को किया सस्पेंड

**बिलासपुर ,10 जनवरी 2023(ए)।** बिलासपुर एसएसपी पारूल माथुर ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक हेड कांस्टेबल सहित कांस्टेबल को निलंबित कर दिया हैं। आपको बता दे कि पिछले दिनों दुर्ग न्यायालय से कैदी को पेशी कराकर ट्रेन से वापस बिलासपुर लौट रहे थे। इसी दौरान कैदी ने पुलिस जवानों को चकमा देकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था। इस मामले में एसएसपी ने एक्शन लेते हुए ड्यूटी पर तैनात दोनों कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया हैं। पिछले दिनों बिलासपुर में आजीवन कारावास के कैदी को दुर्ग पेसी के लिए पुलिस जवान लेकर गये थे। न्यायालय में पेशी कराने के बाद कैदी सुनील उर्फ बलीकरन को हेड




कांस्टेबल देवचरण मरावी और कांस्टेबल विकास कुर्रे शिवनाथ एक्सप्रेस से लेकर वापस बिलासपुर लौट रहे थे। इसी दौरान शातिर कैदी पुलिस जवानों को चकमा देकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था। इस मामले में जांच के बाद दोनों पुलिस जवानों की गलती पाये जाने के बाद एसएसपी पारूल माथुर ने हेड कांस्टेबल देवचरण मरावी और कांस्टेबल विकास कुर्रे का सस्पेंड कर दिया हैं।

## अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगा एक महीने का अतिरिक्त मूल वेतन

**रायपुर, ,10 जनवरी 2023(ए)।** राज्य सरकार ने वर्ष 2022-23 का बजट कार्य संपादित करने वाले 113 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानदेय के रूप में



एक माह का अतिरिक्त मूल वेतन भुगतान करने की स्वीकृति दी है. इससे किसी प्रकार की एनपीएस अथवा जीपीएफकी कटौती नहीं की जाएगी. अधिकारी व कर्मचारियों को उसी कार्यालय से वेतन का भुगतान किया जाएगा, जिस कार्यालय से वे भुगतान प्राप्त करते रहे हैं.

## बीडीसी उपचुनाव के रोमांचक मुकाबले में परमानंद झोपड़ी छाप की हुई जीत

**सक्ती ,10 जनवरी 2023(ए)।** जनपद पंचायत सक्ती के क्षेत्र क्रमांक 13 का उपचुनाव संपन्न हुआ। जिसमें परमानंद सिदार की झोपड़ी छाप ने जीत दर्ज की है। इस चुनाव में रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। जहां स्थानीय प्रत्याशी जोंगरा मुड़ाभाटा निवासी परमानंद सिदार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एवं दूसरे जनपद सदस्य क्षेत्र से प्रत्याशी रहे नारायण सिदार को लगभग 145 मतों से हरा दिया। इस हार-जीत से जहां परमानंद सिदार को स्थानीय प्रत्याशी होने का लाभ मिला। वही बाहर से प्रत्याशी होने के बाद भी नारायण सिदार ने विजय प्रत्याशी को कड़ा टक्कर देते हुए, चुनाव को रोमांचित कर दिया। ज्ञात हो कि बीडीसी क्षेत्र क्रमांक 13 से 5 प्रत्याशी मैदान में सिदार निवास ग्राम पंचायत अमलडीहा, राकेश सिदार निवास मशनिया कला, परमानंद सिदार निवास मुड़ाभाटा जोगरा, फूल सिंह आदि रहें।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित बीडीसी क्षेत्र क्रमांक 13 में सभी प्रत्याशी एक ही जाति समुदाय के थे। इसलिए भी आपस में सौहार्द



पूर्वक एवं आपसी तालमेल तथा बिना किसी रंजिश के चुनाव को संपन्न कराने में सफलता मिली। ग्रामीणों का कहना है कि जीत किसी का हो, सब हमारे अपने हैं और हमें सबके साथ मिलकर रहना है तथा क्षेत्र का विकास कराना है। चुनाव जीतने के लिए खूब प्रचार- प्रसार एवं मेहनत किया था। वही चुनाव मतदान दिवस के दिन सभी पोलिंग बूथ में प्रशासन के द्वारा मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। गिनती के अंतिम समय तक चुनाव परिणाम को लेकर कई तरह के चर्चे चल रहे थे। जिस पर परमानंद सिदार के बढ़त बनाने चर्चा पर विराम लगा। इधर नारायण सिदार ने चुनाव को रोमांचक बनाते हुए बाहर से प्रत्याशी होने के बाद भी स्थानीय प्रत्याशी का जमकर सम्मान किया एवं वे चुनाव जीतते जीतते हार गए। इस चुनाव में सबसे खास बात यह रही कि पूरे चुनाव के दौरान जहां थे जिसमें पूर्व बीडीसी नारायण सिदार के पक्ष में कई हस्तियां चुनावी प्रचार में लगे हुए थे।

आवश्यकता है

मिलन जोन होटल में कार्य करने हेतु अनुभवी कार्यकर्ता की आवश्यकता है।

रसोईया- 4 पद
योग्यता- पूर्व अनुभव आवश्यक
वेतन-15,000 मासिक+भोजन

रसोईया हेल्फर - 2 पद
योग्यता- पूर्व अनुभव आवश्यक
वेतन-10,000 मासिक+भोजन

सफाई कर्मचारी - 5 पद
योग्यता- पूर्व अनुभव आवश्यक
वेतन-6000 मासिक+भोजन

वेटर - 5 पद
योग्यता- पूर्व अनुभव आवश्यक
वेतन-6000 मासिक+भोजन

पता- पावर हाउस रोड,नमनाकला,अम्बिकापुर
फोन:- 88153-53947

## गेवरा घाट-2 को मंजूरी

### मोतीसागरपारा खदान नहीं खुलेगी पंचायती, राज अधिनियम का फैसला आने पर अगले सप्ताह खुल सकती हैं 12 से अधिक खदानें

**रायपुर, ,10 जनवरी 2023(ए)।** शहर के दोनों रेत खदान अभी नहीं खुलें हैं। बारिश को बीते करीब 3 माह होने वाले हैं। दोनों रेत खदान की स्वीकृति की प्रक्रिया अटकी हुई थी। सुनवाई होने के बाद मोतीसागर पारा रेत खदान की मियाद पूरी होने के बाद अब आगे खदान को एक्सटेंशन नहीं दिया गया है। जबकि गेवरा घाट-2 को स्वीकृति मिल गई है। इस सप्ताह पंचायत राज अधिनियम के आधार पर रेत खदानों के संचालन को स्वीकृति मिलते ही अगले सप्ताह गेवरा घाट-2 खदान खुल जाएगी। इसके साथ ही जिले में करीब एक दर्जन अन्य खदान को नगरीय निकाय या पंचायत को सौंपकर संचालन शुरू करा दिया जाएगा। अभी शहर के दोनों खदान बंद होने से लोगों को रेत की किल्लत हो रही है। कई ट्रैक्टर मालिक रात के अंधेरे में नदी-नाला के किनारे से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कर अधिक कीमत में लोगों तक पहुंचा रहे हैं। रेत खदान बंद होने से 3 गुना दाम में खरीदी करीब 3 माह से रेत खदान बंद है। आगे 5 माह बाद मानसून की दस्तक के साथ ही फिर से एनजीटी के गाइडलाइन पर अगले 4 माह के लिए खदान फिर से बंद हो जाएगी। इस तरह अब 5 माह की अवधि ही बची है।



प्रक्रिया में देरी होने पर समय कम बचेगा। दूसरी ओर रेत खदान बंद होने से लोगों तक सरकारी दर से 3 गुना अधिक दाम में रेत पहुंच रहा है। पुलिस व खनिज विभाग की कार्रवाई का असर भी रेत माफियाओ पर नहीं पड़ रहा है।

खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मुताबिक मोतीसागरा पार रेत खदान की अवधि पूरी होने की वजह से अब आगे उसे स्वीकृति नहीं मिली है। गेवरा घाट-2 खदान की सुनवाई पूरी हो गई और स्वीकृति मिल चुकी है। आगे प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जल्द ही गेवरा घाट-2 खदान खुलेगी।

## छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड 89 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

### 20 लाख से ज्यादा किसानों ने बेची अपनी फसल

**रायपुर, ,10 जनवरी 2023(ए)।**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 89 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में राज्य के 20.81 लाख किसानों को 18,266 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।



अब तक लगभग 77 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया

मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक लगभग 77 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 65 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

किसानों से 1.90 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई

अधिकारियों ने बताया कि 09 जनवरी को 46 हजार से अधिक किसानों से 1.90 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से लगभग 14 हजार टन धान की भी खरीदी हुई है। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 53 हजार से अधिक टोकन तथा ÷टोकन तुंहर हाथ एप÷ के जरिये लगभग 5 हजार से अधिक टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ

इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2616 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)